दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित








नई दिल्ली। शुक्रवार 29 नवंबर-2024 | वर्ष : 9 अंक : 336 पेज-08 | RNI NO. DELHI/2015/65364 | मूल्य : ₹3


## संभल : शाही जामा मस्जिद विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

### सीजेआई की बेंच आज करेगी सुनवाई



**नई दिल्ली।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के संभल जिले की शाही जामा मस्जिद का विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। मस्जिद कमेटी ने इस मामले में गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इस याचिका में निचली अदालत के सर्वे के आदेश को चुनौती दी गई है और फैसले पर तुरंत रोक लगाने की अपील की गई है। सुप्रीम कोर्ट में कहा गया है कि से असाधारण मामला है, इसलिए अदालत असाधारण कदम उठाया जाए। अब शुक्रवार (29 नवंबर) को सीजेआई संजीव खन्ना की बेंच इस याचिका पर सुनवाई करेगी।

संभल में अदालत के आदेश पर 19 नवंबर को जामा मस्जिद के पहली बार किये गये सर्वेक्षण के बाद से ही तनाव की स्थिति बनी हुई है। अदालत ने यह आदेश जिस याचिका पर दिया है उसमें दावा किया गया है कि जिस जगह पर जामा मस्जिद है वहां पहले कभी हरिहर मंदिर था।

बीते रविवार को मस्जिद का दोबारा सर्वेक्षण किये जाने के दौरान हिंसा भड़क उठी थी। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हुई झड़प में 4 लोगों की मौत हो गयी थी और 25 अन्य जख्मी हो गये थे।

संभल हिंसा केस में पहली एफआईआर दरोगा दीपक राठी ने दर्ज कराई है। इसमें सपा सांसद और विधायक के बेटे का नाम है। इस एफआईआर में 800 अज्ञात आरोपी भी हैं। इनपर भीड़ को उकसाने के लिए भड़काऊ बयान देने का आरोप है। दूसरी एफआईआर दरोगा शाह फैसल ने कराई है, इसमें कहा कि नखास इलाके में उपद्रवियों ने बाइक में आग लगा दी। गन की मैगजीन छीन ली। इसमें भी कुछ नामजद और बाकी अज्ञात हैं। संभल हिंसा के मामले में तीसरी एफआईआर

## गाजियाबाद क्राइम ब्रांच ने पकड़ा 50 लाख का गांजा

### बुधवार को पकड़ी थी 25 लाख की अफीम



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के साथ ही पूरे दिल्ली एनसीआर में नशे का कारोबार खूब फल- फूल रहा है। गाजियाबाद कमिश्नरेट की क्राइम ब्रांच ने मसूरी थानाक्षेत्र से एक कुंतल से अधिक गांजा पकड़ा है। इस गांजे की कीमत करीब 50 लाख रुपये बताई जा रही है। पकड़ा गया गांजा उड़ीसा से तस्करी कर लाया गया था, इसकी सप्लाई दिल्ली- एनसीआर के अलावा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में की जानी थी। पुलिस ने सप्लायर को गिरफ्तार किया है। बुधवार को ही क्राइम ब्रांच ने शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र से 25 लाख की अफीम पकड़ी थी। पुलिस द्वारा पकड़े गए सप्लायर ने बताया था कि अफीम दिल्ली बार्डर पर सप्लाई करनी थी।

**डीएमई अंडरपास से गिरफ्तार किया :** एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने बताया कि क्राइम ब्रांच की टीम ने एक गांजा सप्लायर को डासना- मुरादनगर मार्ग पर दिल्ली- मेरठ एक्सप्रेस-वे (डीएमई) अंडरपास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त ने अपना नाम सुरेंद्र पुत्र सत्तो बताया है, वह मथुरा जनपद के कोसीकला थानाक्षेत्र में खिट्टावटा गांव का रहने वाला है।

अभियुक्त के कब्जे से टीम ने 102 किलो गांजा बरामद किया है। दरअसल सुरेंद्र कैंटर पर चालक की नौकरी करता था और अन्य माल के साथ वह उड़ीसा गांजा भी छिपाकर लाता था।

### पांच वर्षों से कर रहा था सप्लाई

एडीसीपी के मुताबिक 30 वर्षीय सुरेंद्र ने पुलिस को बताया है कि वह पांच वर्षों से उड़ीसा से गांजे की तस्करी कर दिल्ली- एनसीआर में सप्लाई करता है। उसका वसूल है कि उसने कभी किसी को इस काम में शामिल नहीं किया। सुरेंद्र ने बताया कि गांजा सप्लाई में मोटा फायदा होता है। सप्लाई से जो पैसा मिलता है उससे वह घर के खर्चे पूरे करने के साथ मौज मस्ती और अपने शौक पूरे करता है। उसने पुलिस को दिल्ली- एनसीआर में गांजे की तस्करी में लिप्त कुछ लोगों की जानकारी भी पुलिस को दी है। जानकारी के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम छापेमारी कर रही है।

## हनुमान जी का आशीर्वाद लेकर भगवा कमांडर आज लेंगे विधायक बनने की शपथ

### सुबह 11 बजे शुरू होगा शपथ ग्रहण कार्यक्रम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भगवा कमांडर के नाम से मशहूर भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा अब शहर विधायक हैं। संगठन के वो महानगर कमांडर भी हैं और शहर ने उन्हें अपना विधायक भी चुन लिया है। वो गाजियाबाद में भोले बाबा की शरण में हैं और जब वो यहां से चुनाव जीतकर लखनऊ पहुंचे हैं तो उनकी आस्था अब पवन पुत्र हनुमान में है। गौरतलब है कि टिकट की घोषणा के पहले संजीव शर्मा देवाधिदेव महादेव के ज्योतिर्लिंग दर्शन के लिये गये थे। उसके बाद उन्होंने दूधेश्वरनाथ मंदिर में श्रीमदभागवत कथा कराई थी। जब उनका टिकट घोषित हो गया तो वो सबसे पहले दूधेश्वरनाथ मंदिर में ही माथा टेकने पहुंचे थे। मतदान वाले दिन भी सुबह-सवेरे उन्होंने पहले इसी शिवालय में जलाभिषेक किया और मतगणना वाले दिन भी वो यहीं माथा टेककर गये थे। विधायक निर्वाचित होने के बाद इसी दर पर आए।

अब जब शपथ लेने की बारी आई है तो यहां वो पवन पुत्र हनुमान की शरण में चले गए हैं। आज संजीव शर्मा शपथ लेंगे और बताया जाता है कि लखनऊ में वो पवन पुत्र हनुमान जी के दर पर अपना माथा टेकेंगे और उसके बाद वो शपथ लेने के लिए जाएंगे।

### विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना दिलवाएंगे शहर विधायक संजीव शर्मा को शपथ



राजनीति का पहिया तेजी से घूमा है और ये सियासत के सितारे हैं कि अब महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा गाजियाबाद सदर सीट से शहर विधायक हैं। उनका अंदाज लोकप्रिय बताया जाता है और सबसे बड़ी बात ये है कि अपने डबल अध्यक्षी के कार्यकाल में उनका कोई विवाद सामने नहीं आया है। संगठन को परिवार की तरह लेकर चलना और अपने खिलाफ कड़वी बात बोलने वालों से भी हंसकर मिलना ही उन्हें लोकप्रिय बनाता है। अब जब संजीव शर्मा शहर विधायक हो गए हैं तो ये उम्मीद इनसे की जाती है कि वो अपने व्यवहार के इसी जलवे को बरकरार रखेंगे। विकास के साथ-साथ लहजे में भी मिठास रखेंगे। जनता ने अपना जनादेश संजीव शर्मा के पक्ष में दिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने उन्हें विधायक चुने जाने का प्रमाण पत्र दिया और आज संजीव शर्मा विधानसभा में विधायक होने की शपथ लेंगे। आज सुबह ग्यारह बजे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना गाजियाबाद के शहर विधायक संजीव शर्मा को शपथ ग्रहण कराएंगे और इसी के साथ संजीव शर्मा पूरी तरह से विधायक घोषित हो जाएंगे।

विधायक संजीव शर्मा ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि उनकी शुरू से इस मंदिर में आस्था रही है। लखनऊ के हनुमान सेतू मंदिर में वो शुरू से जाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि मैं आज भी पहले इसी मंदिर में जाऊंगा, हनुमान जी का आशीर्वाद लूंगा और फिर शपथ ग्रहण समारोह में जाऊंगा।

संजीव शर्मा की शुरू से धर्म में अगाध आस्था रही है, वो राजनीति से लेकर कारोबार तक अपना कोई भी काम बिना पूजा-अर्चना के शुरू नहीं करते हैं। हिंदू धर्म संस्कृति के वो पूरी तरह से नियमों का पालन करते हैं। आज वो शपथ ग्रहण से पहले हनुमान सेतू मंदिर में पहले माथा टेकेंगे, आशीर्वाद लेंगे और फिर वो शपथ ग्रहण के लिये जाएंगे।

## संभल हिंसा के बाद पहला शुक्रवार आज, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद रहेगी अलर्ट मोड पर

### संवेदनशील इलाकों से लेकर धर्मस्थलों पर नजर





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** संभल में हुई हिंसा के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए शुक्रवार खास रहेगा। आज संभल घटना के बाद पहले शुक्रवार है, जिसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

वही लखनऊ में बैठे अधिकारियों ने भी प्रदेशभर में स्थिति पर निगरानी रखने को कहा है। अब पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्रों से जानकारी मिली है कि संवेदनशील इलाकों के साथ ही मिश्रित इलाकों में पुलिस गश्त करने के साथ ही धार्मिक स्थलों पर भी नजर रखेगी।

### सोशल मीडिया और प्रमुख नेताओं के अकाउंट पर पुलिस की निगरानी

**करंट क्राइम ।** संभल में हुई घटना के बाद से पश्चिम उत्तर प्रदेश के सोशल मीडिया हैंडल्स और प्रमुख नेताओं के सोशल अकाउंट्स पर खुफिया विभाग नजर रखने का काम कर रहा है। पुलिस व खुफिया अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार ऐसे प्रमुख लोगों के सोशल मीडिया अकाउंट्स लगातार पुलिस की सोशल मीडिया टीमें जांचने का काम कर रही है। जो बड़े संख्या में फॉलोअर्स वाले हैं या उनके समाज में अपना अलग दमखम है। दरअसल ऐसे लोगों की सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक संदेश या विचार, वीडियो या फोटो कई तरीके के घटनाक्रम बदल सकती है इसीलिए इन पर खास निगरानी रखी जाती है।

### पुलिस के अधिकारियों को फील्ड ड्यूटी पर रहने के निर्देश

**करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन के डीसीपी स्तर के अधिकारियों को शुक्रवार की वजह से फील्ड पर रहने के निर्देश दिए हैं ताकि किसी प्रकार की कही गड़बड़ी न हो और पुलिस स्थिति को कंट्रोल में कर पाए। इसके साथ ही खुफिया विभाग के अधिकारियों को धर्मस्थलों पर भी नजर रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं एहतियात के तौर पर कई इलाकों में पुलिस पैदल गश्त और फ्लैग मार्च भी निकलेगी ताकि स्थिति हर ओर कंट्रोल में रहे।

## संभलकर चलाएं इन रास्तों पर अपने वाहन ट्रैफिक पुलिस ने की है ब्लैक स्पॉट की पहचान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** सर्दी का मौसम आ रहा है और संभावित कोहरे में होने वाली दुर्घटनाओं को लेकर जिला प्रशासन सड़का सुरक्षा को लेकर रणनीति बना रहा है। एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह की अध्यक्षता में सड़का सुरक्षा से जुड़ी मासिक समीक्षा बैठक बुलाई गई। एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में बुलाई गई इस बैठक में सड़का सुरक्षा से जुड़े विषयों पर चर्चा हुई और जिले में दुर्घटना वाले स्थलों पर दुर्घटनाओं के कारणों का सघनता से परीक्षण किया गया। इस बैठक में ब्लैक स्पॉट चिन्हित किये गये और बताया गया कि ये सभी एनएचएआई के स्वामित्व में आते हैं।




जिन ब्लैक स्पॉट की पहचान हुई है उनमें बताया गया कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर रेस्ट एरिया में दाईं तरफ यू कटर लगाए जाने का काम पूरा कराया गया है। अब शेष ब्लैक स्पॉट मणिपाल अस्पताल, सुदरदीप कॉलेज से सदभावना कट तक और कौशिक ढाबा से टोल उद्योग कुंज तक सड़का सुरक्षा कार्यों को पूरा कराये जाने के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उन्हें कहा गया कि अपने मुख्यालय स्तर पर व्यक्तिगत संपर्क करते हुए कार्यों को तत्काल प्रारंभ कराना सुनिश्चित करें। बैठक में तय हुआ कि दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे पर सेक्टरा-62 के कट पर डिवाइडर के मध्य दो सौ मीटर रेलिंग दिल्ली गाजियाबाद की तरफ बढ़ाई जाए जिससे कि दुर्घटना की संभावना कम हो सके।

### बैठक में एनसीआरटीसी के अधिकारियों की गैर हाजिरी पर प्रकट की नाराजगी

सड़का सुरक्षा की मासिक समीक्षा बैठक एडीएम प्रशासन रणविजय सिंह की अध्यक्षता में हुई। इस बैठक में एनसीआरटीसी के किसी अधिकारी द्वारा प्रतिभाग ना किये जाने के कारण अत्यंत रोष प्रकट किया गया। इस बैठक में एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी रामराजा, एआरटीओर प्रवर्तन अमित राजन राय, एआरटीओ मनोज कुमार मिश्रा, नगर निगम के अधिशासी अभियंता देशराज सिंह, जीडीए के अधिशासी अभियंता विरेंद्र कुमार, एनएचएआई के अवर अभियंता अंकुल कुमार, एआरएम राज्य सड़क परिवहन निगम सीमा शिवहरे, ट्रक चालक संघ के अध्यक्ष महेंद्र कुमार शर्मा, बस यूनियन के अध्यक्ष तेजपाल त्यागी, स्वास्थ्य विभाग से डॉ. पंकज तथा शिक्षा विभाग से नरेंद्र कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।


## ये गजब के हैं चोर सह लेते हैं पेन, जब पुलिस ने कराया एक्स-रे तो पेट से निकली अंगूठी और चेन

### नंदग्राम पुलिस ने पकड़ा चोरों का खास गैंग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** नंदग्राम पुलिस ने घरों और बंद फ्लैटों में चोरी करने वाले गिरोह का खुलासा किया है। इस गिरोह में दो शातिर चोर और एक ज्वेलर्स को गिरफ्तार किया गया है, जो चोरी का माल गलाता था। पुलिस ने लगभग चार लाख रुपए के कीमती जेवर, पन्ना रत्न की अंगूठी, लाखों को कैश के साथ ही स्प्लेंडर बाइक और दो मोबाइल बरामद किए हैं। खास बात यह है कि पुलिस ने इन चोरों के पास से सोने के आभूषण प्राप्त करने के लिए पहले एक्स -रे की रिपोर्ट ली और फिर चोरों से माल बरामद करने के लिए पहले पुलिस ने स्पेशल प्लान बनाया और फिर माल की बरामद की हुई है। बताया जा रहा है कि पहले यह चोर चेन के लिए पेन लेते थे और फिर वारदात का माल आपस में बांट लिया जाता था। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने गैंग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिसमें बताया गया है कि थाना प्रभारी नंदग्राम धर्मपाल सिंह और उनकी टीम ने गिरोह का खुलासा किया है।

### पुलिस ने पहले कराया एक्स-रे और फिर बरामद की गोल्ड चेन



करंट क्राइम : एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा ने बताया है कि पुलिस ने बंद मकान में चोरी करने वाले मोहसिन उर्फ नदीम निवासी खोड़ा को गिरफ्तार किया है। इसका साथी सरफराज उर्फ फैज है जो खोड़ा का ही रहने वाला है। इसकी उम्र लगभग 24 वर्ष है। तो वहीं इस मामले में विकास सोनी नाम के ज्वेलर्स को भी दबोचा गया है। यह मसूरी का रहने वाला है जो दुकान चलाता था और पूर्वी दिल्ली में भी यह है दुकान करता है। पुलिस ने उनके पास से लगभग चार लाख रुपए का है सोने के आभूषण, हजारों की नकदी, दो मोबाइल बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया है कि सरफराज उर्फ फैज और मोहसिन वारदात में जो सोना आता था उसको मुंह में निगल जाते थे और फिर पुलिस इस माल को बरामद करने के लिए पसीने बहती थी। इस बार पुलिस ने इनका एक्स-रे कराया, जिसके बाद उसमें सोने की अंगूठी और चेन एक रिपोर्ट में नजर आई। आरोपी हैदराबाद तक में चोरी कर चुके हैं। वहीं लाखों का सोना साल 2021 में विजय नगर थानाक्षेत्र की चोरी में चुराया था।

### चेन बरामदगी के लिए अपनाई गई थी केला ट्रिक

करंट क्राइम : पुलिस के विश्वसनीय सूत्रों से जानकारी मिली है कि नंदग्राम पुलिस ने चोरों के इस गिरोह को पकड़ने के लिए काफी मेहनत की। सीसीटीवी की फुटेज बरामद करने के बाद चोरों का सुराग मिला, तो पुलिस को सोने के आभूषण प्राप्त करने के लिए भी केला तकनीक का इस्तेमाल करना पड़ा है। सूत्रों से जानकारी मिली है कि पकड़े गए चोर सोने की चेन और अंगूठी गले में निगल जाते थे ताकि पुलिस उनसे माल बरामद न कर पाए। बताया जा रहा है कि इन्होंने कुछ दिन पूर्व एक मकान में चोरी की थी और वहां से एक सोने की अंगूठी पन्नाजडित और सोने की चेन पर हाथ साफ किया था, जो आरोपियों के पास से बरामद हुई है। पुलिस ने पहले इन दोनों की एक्स-रे रिपोर्ट ली और फिर एक्स-रे रिपोर्ट में जो खुलासा हुआ, उसके बाद पुलिस ने केला थेरेपी करते हुए चेन बरामद की है।

### जान पर खेल कर निगलते थे सोने के आभूषण

करंट क्राइम : पुलिस ने बताया है कि पकड़ा गया मोहसिन और सरफराज दोनों खोड़ा के रहने वाले हैं। नई उम्र के हैं और यह चोरी में एक्सपर्ट होने के साथ-साथ सोने के आभूषण गले से निगलने में भी एक्सपर्ट थे। पुलिस ने उनके पास से लगभग चार लाख रुपए की जेवर बरामद किए हैं।

# संभल हिंसा मामले में मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक की गिरफ्तारी



**संभल।** संभल हिंसा में पुलिस ने अफवाह फैलाने के आरोप में फरहत को गिरफ्तार किया है। अब तक 27 गिरफ्तारियां और सात एफआईआर दर्ज हो चुकी हैं। पुलिस ने नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की है। कहा है कि हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

संभल में 24 नवंबर को हुए पथराव और हिंसा के मामले में पुलिस ने अफवाह फैलाने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उसकी पहचान फरहत के रूप में हुई है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दावा किया था कि हिंसा के बाद उन्हें धमकियां मिल रही हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी, संभल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क, एसपी मीडिया सेल और ज्ञानवापी मस्जिद समिति के सचिव पर गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया।

जैन ने स्पष्ट किया कि उन्होंने मौके पर कोई नारेबाजी नहीं की और एएसआई सर्वे के बाद पुलिस के संरक्षण में वहां से लौटे थे। उन्होंने कहा, मेरे खिलाफ आरोप लगाए गए कि मैं जय श्रीराम के नारे लगाते हुए वहां भीड़ लेकर गया और हिंसा भड़काई, जबकि यह पूरी तरह गलत है। मैं प्रशासन और अधिकारियों के साथ वहां गया था। तीन नाबालिगों की संलिप्तता की पुष्टि मुरादाबाद मंडलायुक्त अंजनेय कुमार सिंह ने बुधवार को पुष्टि की कि इस घटना में तीन नाबालिग भी शामिल थे। यह हिंसा मस्जिद पर किए गए सर्वे के दौरान हुई।

### अब तक 27 गिरफ्तार, सात एफआईआर दर्ज

पुलिस ने हिंसा के संबंध में अब तक 27 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें 25 पुरुष और 2 महिलाएं शामिल हैं। घटना को लेकर सात एफआईआर दर्ज की गई हैं।

### मृतकों और घायलों की स्थिति

इस पथराव में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि पुलिस- प्रशासन और स्थानीय लोग घायल हुए हैं। संभल में स्थिति को नियंत्रित करने के लिए लगातार सुरक्षा बल तैनात हैं।

### पुलिस-प्रशासन की अपील

पुलिस ने नागरिकों से शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि हिंसा में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय प्रशासन ने इलाके में किसी भी अफवाह या गलत जानकारी को रोकने के लिए कड़ी निगरानी का निर्देश दिया है। पुलिस ने किया फ्लैग मार्च, सुरक्षा बढ़ाई गई जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुए पत्थरबाजी की घटना के बाद संभल पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला।

अतिरिक्त एसपी श्रीशचंद ने कहा, हमने सुरक्षा को सख्त किया है और आवश्यक स्थानों पर पुलिस बल तैनात किया गया है। हम सभी कार्यक्रमों को सुरक्षित रूप से आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# हाथ में संविधान की प्रति लेकर प्रियंका गांधी ने ली शपथ

## कांग्रेसियों ने मनाई खुशी, बांटी मिठाइयां



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रियंका गांधी के सांसद के रूप में शपथ लेने पर बृहस्पतिवार को प्रदेश मुख्यालय में खुशी मनाई। इस अवसर पर नेताओं व कार्यकताओं ने प्रियंका गांधी का लाइव शपथ ग्रहण देखा साथ ही एक दूसरे को मिठाई और लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर की। कार्यकताओं ने पटाखे भी फोड़े। शपथ ग्रहण के दौरान प्रियंका गांधी ने अपने हाथ में संविधान की एक प्रति ले रखी थी। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशासन प्रभारी दिनेश सिंह, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, सेवादल राजेश काली, शहर अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी, शहर अध्यक्ष शहजाद आलम, जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश त्रिपाठी, नितांत सिंह, सलमान कादिर, डॉक्टर अयूब सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा केरल की वायनाड सीट से सांसद चुनी गई हैं। इसके साथ ही अभी तक प्रचार तक ही सीमित रहने वाली प्रियंका गांधी के राजनीतिक जीवन का भी आगाज हो गया। इसके पहले तक वह कांग्रेस के लिए चुनाव प्रचार जरूर करती थीं लेकिन चुनाव नहीं लड़ीं। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भी उनके रायबरेली से चुनाव लड़ने की खबरें थीं लेकिन इस सीट पर राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतरे और बड़ी जीत दर्ज की। हालांकि, इस दौरान भी प्रियंका गांधी ने प्रचार की जिम्मेदारी संभाली थी। (प्रियंका गांधी को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आशीर्वाद दिया। कांग्रेस कार्यकताओं ने कहा कि प्रियंका गांधी के सक्रिय राजनीति में आने से कांग्रेस मजबूत होगी। जो कि देश और प्रदेश के लिए अच्छा होगा।

## न्यूज डायरी

### सीएम योगी के नेतृत्व में 'बेटी बचाओ, बेटी बढ़ाओ' योजना से सशक्त हो रही बेटियां

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। प्रदेश में महिलाओं और बच्चियों के सशक्तीकरण और लिंगानुपात में सुधार करने के लिए 23 हजार से अधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से बालिकाओं के जन्म के प्रति समाज में सकारात्मक सोच विकसित की जा रही है। केंद्र की योजनाओं के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ रही प्रदेश की योगी सरकार राज्य के हर वर्ग के विकास के लिए



बेहतरीन कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ रही है। प्रदेश में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना से योगी सरकार ने लिंग-चयन की प्रक्रिया को समाप्त कर बालिकाओं को न सिर्फ सुरक्षित कर रही है बल्कि लिंगानुपात में सुधार भी ला रही है। राज्य के सभी 75 जिलों योजना के अंतर्गत जागरूकता से संबंधित गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। जिसके अंतर्गत जन्म के समय लिंगानुपात के अनुसार ही जनपदों को धनराशि का आवंटन किया जा रहा है।

### डिंपल यादव ने उत्तर प्रदेश पुलिस पर उठाए सवाल संभल मुद्दे पर लोकसभा में चर्चा की मांग

**नई दिल्ली।** संसद के 25 नवंबर से शुरू शीतकालीन सत्र में विपक्ष के हंगामे के चलते बार-बार दोनों सदनों की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ रही है। इस बीच, समाजवादी पार्टी की सांसद डिंपल यादव ने कहा है कि उनकी पार्टी उत्तर प्रदेश के संभल में पिछले दिनों हुई हिंसा पर लोकसभा में चर्चा की मांग कर रही है। डिंपल यादव ने गुरुवार संसद भवन परिसर में मीडिया से कहा, ऱहम चाहते हैं कि लोकसभा में संभल के मुद्दे पर चर्चा हो और लोकसभा स्पीकर की तरफ से हमें आश्वासन भी दिया गया है कि वह इस मुद्दे पर चर्चा करवाएंगे। सपा सांसद ने पुलिस की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा, ऱएक रोडमैप बना हुआ है। उत्तर प्रदेश में पुलिसकर्मी लोगों का उत्पीड़न कर रहे हैं। पहले वह एफआईआर लिखवाते हैं और फिर उनसे लगातार वसूली करते हैं। यह संभल का मामला तो है ही, लेकिन पूरे प्रदेश में इसी प्रणाली के तहत पुलिस और सरकार काम कर रही है। डिंपल यादव ने सरकार पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा, ऱमैं समझती हूं, जो सत्ता में लोग बैठे हैं, वे देश को पीछे ले जाने का काम कर रहे हैं और जिस तरह से ये घटनाएं देखने को मिल रही हैं, वे नहीं चाहते हैं कि हमारे युवाओं को रोजगार, बच्चों को आरक्षण मिले और महंगाई कम हो। मेरा मानना है कि सरकार लगातार एक ही बिंदु पर काम कर रही है कि कैसे लोगों का ध्यान भटकाया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार और विपक्ष दोनों कह रहे हैं कि बहुत ही सुनियोजित तरीके से इस घटना को अंजाम दिया गया है। अगर आप घटना की क्रोनोलॉजी को देखें, जिस तरीके से 19 नवंबर को एक याचिका दायर की गई और उसके बाद उसी दिन जज कहते हैं कि सर्वे होना चाहिए। दो घंटे के भीतर ही प्रशासन सर्वे करने के लिए भी पहुंच जाता है। सर्वे के दौरान हमारे सांसद भी मौजूद रहते हैं और शांतिपूर्वक काम संपन्न होता है, मगर जुमे की नमाज के दौरान बैरिकेडिंग की गई और लोगों को रोका गया। डिंपल यादव ने कहा कि अचानक प्रशासन 23 नवंबर की रात को फैसला लेता है कि 24 नवंबर को फिर से सर्वे करेंगे। प्रशासन के लोग आगे चल रहे हैं और पीछे से नारेबाजी हो रही है, फिर भी प्रशासन ने नारेबाजी को नियंत्रित नहीं किया। यह प्रशासन द्वारा ही कराया गया घटनाक्रम है, क्योंकि कहीं न कहीं अपनी कुर्सी बचाने के लिए इसे अंजाम दिया गया है।



# दिसंबर में हो सकते हैं निकाय चुनाव

**देहरादून।** नगर निकाय चुनावों के लिए कुछ प्रक्रियाएं अभी बाकी हैं। जिस वजह से देरी हो रही है। ओबीसी आरक्षण संबंधी अध्यादेश को राजभवन से इस सप्ताह मंजूरी मिलने के आसार है। प्रदेश में नगर निकायों के चुनाव दिसंबर माह में हो सकते हैं। इस हिसाब से शहरी विकास विभाग और राज्य निर्वाचन आयोग ने अपनी तैयारी तेज कर दी है। इस सप्ताह ओबीसी आरक्षण संबंधी अध्यादेश को राजभवन से मंजूरी भी मिल सकती है। दरअसल, नगर निकाय चुनावों के लिए कुछ प्रक्रियाएं अभी बाकी हैं। इनमें पहली है अध्यादेश पर फैसला। शासन ने ओबीसी आरक्षण लागू करने संबंधी अध्यादेश राजभवन को भेजा है, जिस पर इस सप्ताह राजभवन मंजूरी दे सकता है। अध्यादेश को मंजूरी मिलने




के बाद ओबीसी आरक्षण की नियमावली पर निर्णय होगा। मुख्यमंत्री को इस पर अनुमोदन देना है। नियमावली आने के बाद आरक्षण लागू करने की प्रक्रिया जिलाधिकारियों के स्तर से होगी। इसके बाद राज्य निर्वाचन आयोग अधिसूचना जारी करेगा। बताया जा रहा है कि 15 दिसंबर के आसपास अधिसूचना जारी हो सकती है। दिसंबर के अंतिम सप्ताह में चुनाव कराने की योजना पर काम चल रहा है।

# दिल्ली में ईडी की टीम पर हमला, साइबर क्राइम से जुड़े मामले में जांच के लिए पहुंचे थे अफसर, एफआईआर दर्ज

**दिल्ली।** दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर हमला हुआ है। हमला उस वक्त हुआ, जब साइबर क्राइम से जुड़े मामले में जांच के लिए ईडी के अधिकारी छापेमारी के लिए पहुंचे थे।

राजधानी दिल्ली में प्रवर्तन निदेशालय की टीम मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के लिए पहुंची। जहां पर छापेमारी कर रही ईडी टीम पर हमला कर दिया। ईडी की टीम साइबर धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में छापेमारी के लिए पहुंची थी।

जांच एजेंसी ने दिल्ली के बिजवासन इलाके में हुई घटना के बारे में पुलिस में एफआईआर दर्ज करा दी है। यह जांच पीपीपीवाईएल साइबर ऐप धोखाधड़ी मामले से जुड़ी है। मामले में कथित आरोपियों, जिनमें



अशोक शर्मा और उनके भाई शामिल हैं। कथित तौर पर ईडी टीम पर हमला किया। सूत्रों ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है और स्थिति नियंत्रण में है। जानकारी के लिए बता दें कि जांच एजेंसी ईडी के जांचकताओं पर आरोपियों द्वारा हमला किया गया। ईडी की टीम के जांच अधिकारियों को चोट लगी है। टीम सर्च ऑपरेशन करने गई थी। इस दौरान ईडी की टीम पर साइबर क्राइम करने वाले आरोपियों और उसके गुर्गों ने हमला कर दिया। मौके पर स्थानीय पुलिस की टीम भी पहुंची और तफ्तीश जारी है। साइबर क्राइम से जुड़े एक मामले में दिल्ली के एक लोकेशन पर तफ्तीश ईडी की टीम करने गई थी।

### एक शख्स को पकड़ा

बिजवासन इलाके में ईडी की टीम के साथ हाथापाई की सूचना मिली है। एसएचओ कापसहेड़ा अपने स्टाफ के साथ बिजवासन में उस जगह पर पहुंचे। जहां पर ईडी की कार्रवाई चल रही थी। एडी सूरज यादव के नेतृत्व में ईडी की टीम ने छापा मारा था। पता चला कि सीए अशोक कुमार नाम का एक व्यक्ति इस जगह का मालिक है। ईडी की टीम ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में खेत पर छापा मारा। उनके साथ सीआरपीएफ की दो महिला अधिकारी भी थीं। उन्होंने बाद में एक पुरुष सीआरपीएफ को भी मौके पर बुलाया। अशोक कुमार के रिश्तेदार यश नाम के एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया है। मामला दर्ज किया जा रहा है। दक्षिण पश्चिम जिला डीसीपी सुरेंद्र चौधरी ने जानकारी दी है।

# दिल्ली में जापानी इंसेफेलाइटिस का पहला केस स्वास्थ्य विभाग हुआ अलर्ट, जानलेवा है बीमारी

**दिल्ली।** दिल्ली में जानलेवा बीमारी जापानी इंसेफेलाइटिस का पहला मामला सामने आया है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग अलर्ट हो गया है। दिल्ली में जापानी इंसेफेलाइटिस का पहला मामला सामने आया है। जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है। एमसीडी के स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिला स्वास्थ्य अधिकारियों और महामारी विज्ञानियों को लार्वा स्रोत में कमी सहित वेक्टर नियंत्रण उपायों को तेज करने और जापानी इंसेफेलाइटिस की रोकथाम और नियंत्रण के लिए जागरूकता अभियान सहित समुदाय आधारित पहल करने का निर्देश दिया है।



### जापानी इंसेफेलाइटिस और इसके लक्षण

जापानी इंसेफेलाइटिस, संक्रमित मच्छरों के काटने से फैलता है। ज्यादातर संक्रमितों में हल्के लक्षण दिखते हैं हालांकि गंभीर बीमारी वालों को बुखार, सिरदर्द और उल्टी जैसी दिक्कतें हो सकती हैं। अगर समय रहते इनपर ध्यान न दिया जाए तो इससे भ्रम, दौरे पड़ने और कोमा का खतरा भी हो सकता है। बच्चों में जापानी इंसेफेलाइटिस के कारण दौरे पड़ने जैसे लक्षण अधिक देखे जाते रहे हैं।

### जापानी इंसेफेलाइटिस का खतरा

अध्ययनों में पाया गया है कि ग्रामीण इलाकों जहां स्वच्छता की कमी होती है या मच्छरों के अधिक प्रजनन वाले क्षेत्रों में इस रोग का खतरा अधिक देखा जाता रहा है। जिन स्थानों पर पहले से जापानी इंसेफेलाइटिस के मामले अधिक हैं वहां की यात्रा करने से आपमें भी इसका जोखिम बढ़ सकता है। जापानी इंसेफेलाइटिस के मामले गर्मियों और बरसात के मौसम में काफी अधिक रिपोर्ट किए जाते रहे हैं। बच्चों में इसका खतरा अधिक होता है क्योंकि जिन क्षेत्रों में यह वायरस स्थानिक (एंडेमिक) है, वहां वयस्क आमतौर पर उम्र बढ़ने के साथ इससे प्रतिरक्षित हो जाते हैं।

### मस्तिष्क को प्रभावित करती है ये बीमारी

जापानी इंसेफेलाइटिस मस्तिष्क को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकता है। मस्तिष्क संबंधी लक्षणों के कारण कुछ लोगों में आजीवन जटिलताएं जैसे बहरापन, अनियंत्रित भावनाओं की समस्या या शरीर के एक तरफ कमजोरी जैसी दिक्कतें बनी रह सकती हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, घरों के आसपास स्वच्छता का ध्यान रखकर, पानी का जमाव न होने देने वाले उपाय करके, मच्छरों से बचाव करके इस खतरनाक रोग से सुरक्षित रहा जा सकता है।

भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार, अप्रैल, 2013 से जापानी इंसेफेलाइटिस के स्थानिक जिलों के लिए वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है। दो खुराक वाली वैक्सीन, पहली 9 महीने की उम्र में खसरे के साथ तथा दूसरी 16-24 महीने की उम्र में डीपीटी बूस्टर के साथ दी जाती है। बच्चों को ये टीके लगवाकर उन्हें जापानी इंसेफेलाइटिस और इसके कारण होने वाली गंभीर स्वास्थ्य जटिलताओं से बचाया जा सकता है। जापानी इंसेफेलाइटिस के लिए रोकथाम ही सर्वोत्तम उपचार है। स्वच्छता के उपाय और मच्छरों के काटने से बचाव करके इस घातक बीमारी से बचा जा सकता है।

### घाटी में शीतलहर जारी, तापमान शून्य से 2.1 डिग्री सेल्सियस नीचे

**जम्मू - कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर में रात के पारे में गिरावट के साथ कंपकंपी बढ़ी है। कश्मीर घाटी में श्रीनगर समेत पांच जिलों में न्यूनतम तापमान शून्य डिग्री से नीचे चला गया है। लेह में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। जम्मू संभाग के भी कई जिलों में रात में सर्दी ने जोर पकड़ा है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार, 29 नवंबर से दो दिसंबर के बीच प्रदेश के कुछ हिस्सों में बारिश व बर्फबारी हो सकती है। पिछले कुछ दिनों के मुकाबले कश्मीर के कई पर्यटन स्थलों और जिलों में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। दिन में भी अधिकांश हिस्सों में तापमान 16 डिग्री से नीचे चल रहा है। श्रीनगर में अधिकतम तापमान 14.5,



पहलगाम में 12.1 और गुलमर्ग में 7.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू में दिनभर मौसम साफ रहने के साथ अधिकतम तापमान 25.0 और न्यूनतम 10.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बनिहाल में अधिकतम तापमान 17.2, बटोत में 18.1, कटड़ा में 21.4 और भद्रवाह में 17.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जम्मू-कश्मीर पिछले डेढ़ माह से इंद्रदेव रूठे हुए हैं। इस अवधि में कश्मीर में सामान्य से 75.02 और जम्मू संभाग में सामान्य से 61.37 प्रतिशत कम बारिश हुई है। प्रदेश के बीस जिलों में 19 प्रभावित हैं। इनमें कश्मीर के सभी दस जिले शामिल हैं। पिछले साल भी मौसम का यही ट्रेंड था। जम्मू-कश्मीर धीरे-धीरे सूखे की ओर बढ़ रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र श्रीनगर के अनुसार, एक अक्तूबर से 21 नवंबर तक कश्मीर में औसतन सामान्य 56.32 मिलीमीटर बारिश की तुलना में सिर्फ 14.07 मिलीमीटर ही बारिश हुई। जम्मू संभाग में औसतन सामान्य 51.57 मिलीमीटर बारिश के बजाय सिर्फ 19.92 मिमी ही बारिश हुई है। इसमें संभाग के एकमात्र सांबा जिले में ही 220 प्रतिशत की वृद्धि से सामान्य 14.7 की तुलना में 47.0 मिलीमीटर बारिश हुई। कश्मीर के शोपियां, पुलवामा, कुलगाम, बड़गाम, अनंतनाग और जम्मू संभाग के किश्तवाड़, पुंछ और उधमपुर जैसे जिलों में सामान्य से 80 से 95 प्रतिशत तक कम बारिश हुई है। पर्याप्त बर्फबारी और बारिश न होने से पेयजल व बिजली के लिए चुनौती बढ़ेगी।

# हेमंत सोरेन की चौथी पारी, 14वें सीएम के तौर पर ली शपथ

**झारखण्ड।** झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। 49 साल के झामुमो नेता हेमंत सोरेन चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। ये समारोह रांची के मोरहाबादी मैदान में आयोजित किया गया है, इस दौरान मंच पर विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लॉक के तमाम नेता मौजूद रहे।

रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रांची में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। हेमंत सोरेन चौथी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने हैं। हेमंत सोरेने के शपथ ग्रहण समारोह में उनके पिता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन और उनकी मां रूपी सोरेन भी मंच पर मौजूद रहीं। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी मंच पर मौजूद थे।



### ऐसे रहे परिणाम

हाल में हुए विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गमलियाल हेम्ब्रम को 39,791 मतों के अंतर से हराकर बरहेट सीट बरकरार रखी। सोरेन के झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन ने 81 सदस्यीय विधानसभा में 56 सीट हासिल करके जीत हासिल की थी, जबकि भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को 24 सीट मिलीं।

### सोरेन ने ली शपथ

कांग्रेस महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि सोरेन के अकेले ही शपथ लेने की उम्मीद है और विधानसभा में विश्वास मत के बाद मंत्रिमंडल का विस्तार किया जाएगा। शपथग्रहण समारोह में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस नेता राहुल गांधी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के शामिल होने की संभावना है। ये दिग्गज रहेंगे शामिल शपथ ग्रहण समारोह में जिन अन्य प्रमुख नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है, उनमें भाकपा (माले) लिबरेशन महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, आम आदमी पार्टी (आप) नेता अरविंद केजरीवाल, शिवसेना (उबाठा) नेता उद्धव ठाकरे, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) नेता महबूबा मुफ्ती, तमिलनाडु से उदयनिधि स्टालिन, कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार और बिहार के विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव शामिल हैं। हेमंत सोरेन गुरुवार को रांची के मोरहाबादी मैदान में झारखंड के 14वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेंगे। एक भव्य समारोह में उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। समारोह में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के दिग्गजों समेत कई प्रमुख नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है। झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार शाम चार बजे हेमंत सोरेन को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। 49 साल के झामुमो नेता हेमंत सोरेन चौथी बार मुख्यमंत्री बनेंगे।

### रांची पहुंचीं पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए रांची पहुंचीं।

### पिता शिबू सोरेन से मिले हेमंत सोरेन

रांची : झारखंड के मनोनीत मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अपने शपथ ग्रहण समारोह से पहले खटट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के आवास पर पहुंचे।

### अपने आवास से रवाना हुए हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन

रांची : झारखंड के मनोनीत सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी और जेएमएम नेता कल्पना सोरेन अपने आवास से रवाना हुए। हेमंत सोरेन आज झारखंड के सीएम पद की शपथ लेंगे।

### 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, ईज ऑफ लिविंग' हमारा मूल मंत्र है: पीयूष गोयल

**नई दिल्ली।** 'डीपीआईआईटी-सीआईआई राष्ट्रीय व्यापार सुगमता सम्मेलन' का दूसरा एडिशन गुरुवार को नई दिल्ली में आयोजित किया गया। इसमें केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल भी शामिल हुए। इसके बाद केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने मीडिया से बात की।



केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले वर्ष 'जन विश्वास अधिनियम' के तहत देश में लगभग जो केंद्र के 42 कानून थे, जो 19 अलग-अलग मंत्रालयों के अंतर्गत आते थे उसके 183 प्रावधानों में से जेल की सजा को निकालकर भारत के उद्योग जगत और भारत के सामान्य नागरिक को एक राहत दी थी। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस ईज ऑफ लिविंग हमारा मूल मंत्र है। उसके तहत एक पहल की देश और दुनिया में बहुत सराहना हुई है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने हमें निर्देश दिया है कि अब उसके अलगे चरण पर कम करें। एक और जन विश्वास बिल लोगों के साथ चर्चा करके, हर स्टेकहोल्डर को शामिल करके, सुझाव लेकर, केंद्र और राज्यों के सरकारों की सहमति लेकर और ऐसे कौन से प्रावधान हैं? जिसको डिक्रिमिनलाइज करें, सजा का प्रावधान निकालकर फाइन में लेकर आएं। इस पर विभाग में तेजी से हो रहा है। मैं देश के लोगों से अपील करूंगा कि हमें सुझाव दें और हम आपकी सेवा अच्छी से कर सके उसमें आप भी सहभागी हों। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि नेशनल सिंगल विंडो सिस्टम में कुछ विभागों में बहुत बढ़िया प्रभाव हुआ है। जैसे गोल्ड हॉलमार्किंग का काम कंज्यूमर अफेयर मिनिस्ट्री में होता है, वो लगभग 99 शत प्रतिशत नेशनल सिंगल विंडो के माध्यम से जा रहा है। अलग-अलग विभागों ने, अलग-अलग चीजों पर नेशनल सिंगल विंडो का अच्छा प्रभावी रूप से लाभ लिया है। मेरा बार-बार उद्योग जगत, सभी चेंबर ऑफ कॉमर्स और बिजनेस के सभी समूह से मेरी अपील है।

### राजस्थान के जालोर में निर्माण कार्य के दौरान हादसा, 3 मजदूरों की मौत

**जालोर।** राजस्थान के जालोर के पोषाणा गांव में गुरुवार सुबह एक बड़ा हादसा हुआ, जिसमें तीन मजदूरों की मौत हो गई और एक अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया।

**NAME CHANGED**

I have changed my name from Sudhir Gir (old name)S/0 shri shiv Gir to Sudhir Giri.(New name) In future, I will be known and known as Sudhir Giri, S/O Shri Shivgiri, Resident - 40/41 Mira Enclave, Garh Road, Meerut, Uttar Pradesh.

**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पुत्र माईकल व उसकी पत्नी पारुल को उनके गलत व्यवहार के कारण अपनी चल -अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर रहा हूं भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी नैतिक अनैतिक कार्यों के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होगे मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी

प्रार्थी
संजय पुत्र रामचंद्र निवासी- गढ़ी गुलधर, मेरठ रोड,पांच नंबर भट्टा ,थाना- नंदग्राम, जिला- गाजियाबाद उत्तर प्रदेश

दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

03 ● नई दिल्ली। शुक्रवार 29 नवंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित





## भाजपा में शुरू हो गई संगठन वाले इंटरनल चुनाव की तैयारी

# उम्र के पेंच से फंसेगी मंडल-महानगर अध्यक्ष के दावेदारों की दावेदारी



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में एक चुनाव निपटा है तो दूसरे चुनाव की तैयारी शुरू हो गई। नौ विधासनभाओं में उपचुनाव के बाद अब भाजपा अपने संगठन की ओवरहॉलिंग करने जा रही है। सबसे खास बात ये है कि भाजपा ने इसके लिए पूरा फॉर्मेट तैयार किया है और यहां चुनाव और आम सहमति दोनों के बीच तालमेल रखा गया है।

लखनऊ से संगठन चुनावों का बिगुल भाजपा में बज गया है। लखनऊ के विश्वेश्वरैया ऑडिटोरियम में भाजपा की संगठन पर्व 2024 की प्रदेश बैठक हुई और इस बैठक में ये ऐलान हुआ कि संगठन के चुनाव किन-किन तारीखों में होंगे। बताया जाता है कि इस बार मंडल अध्यक्ष से लेकर महानगर अध्यक्ष तक एज लिमिट का प्रावधान दिया गया है।

बता दिया गया है कि यदि कोई भी कार्यकर्ता या पदाधिकारी ओवर एज मिला तो फिर उसे दावेदारी के लिये अयोग्य घोषित किया जाएगा, उम्र का जो फॉर्मेट चुना गया है उसी के अनुरूप होना चाहिए। बूथ कमेटियों के गठन से लेकर मंडल अध्यक्षों के चुनाव का फैसला लिया गया।

### 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष और 30 दिसंबर तक होगा जिला अध्यक्षों का चुनाव

**करंट क्राइम।** लखनऊ वाली बैठक में ये फैसला लिया गया कि सबसे पहले मंडल अध्यक्षों का चुनाव कराया जाएगा और फिर ये मंडल अध्यक्ष ही जिलाध्यक्षों का चुनाव करेंगे। 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्षों का चुनाव हो जाएगा। मंडल अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया एक दिसंबर से शुरू होगी और 15 दिसंबर तक मंडल अध्यक्ष चुन लिये जाएंगे। इसके बाद 16 दिसंबर से जिला और महानगर अध्यक्षों को चुनने की प्रक्रिया शुरू होगी और 30 दिसंबर तक जिलाध्यक्षों को चुन लिया जाएगा। इन्हीं तारीखों में मंडल अध्यक्ष भी चुन लिये जाएंगे और बूथ समितियों का भी गठन पांच दिसंबर तक हो जाएगा।

### सहमति रहेगी मुख्य आधार, कोई ना करें चुनावी तकरार

**करंट क्राइम।** भाजपा में संगठन चुनाव हो रहे हैं और नियम कायदे बता दिये गये हैं। सूत्र बताते हैं कि यहां चुनाव को लेकर आपस में तकरार का सीन ना बने, बिना मतलब की नारेबाजी या शक्ति प्रदर्शन ना हो, इस बात को भी कार्यकताओं को समझा दिया गया है। ये संदेश दे दिया गया है कि पहले बूथ समितियों का गठन होगा, बूथ अध्यक्ष ही मंडल को चुनेंगे और मंडल अध्यक्षों के वोट से ही जिला और महानगर अध्यक्ष बनेंगे, लेकिन इसमें सभी इस बात को समझ लें कि यह एक व्यवस्था है और पूरी तरह से कठोर चुनावी प्रक्रिया नहीं है। चुनाव के लिये एक प्रावधान है मगर यहां सहमति सर्वोपरि है। इसलिए जो भी कोई फैसला होगा वो सहमति के आधार पर होगा। चुनाव को लेकर सभी नियम शर्तों के तहत दावेदारी कर सकते हैं, मगर किसी प्रकार का शक्ति प्रदर्शन नहीं चलेगा।

### अगर खेली है मंडल अध्यक्ष की डबल पारी तो नहीं बनती दावेदारी

**करंट क्राइम।** मंडल अध्यक्ष को लेकर यह स्पष्ट कर दिया गया है कि यहां तीसरी बार किसी को भी मंडल अध्यक्ष बनने का मौका नहीं मिलेगा। अगर कोई भी कार्यकर्ता दो बार लगातार मंडल अध्यक्ष रहा है तो वो तीसरी बार मंडल अध्यक्ष नहीं बनेगा। मंडल अध्यक्ष पद के लिये उनकी दावेदारी नहीं बनेगी।




### जिला और महानगर अध्यक्ष पद के लिये नहीं होगी डायरेक्टर भर्ती

**करंट क्राइम।** भाजपा अपने संगठन को लेकर पूरी तरह से लोकतांत्रिक और पारदर्शी प्रक्रिया पर चल रही है। सभी के लिये दावेदारी के द्वार खुले रहे इसके लिए नियम शर्तों को खुला रखा गया है। बता दिया गया है कि एज लिमिट के साथ-साथ प्रमोशन का सीन रहेगा। कोई भी ऐसा कार्यकर्ता जिला या महानगर अध्यक्ष नहीं बनेगा जो पहले मंडल में या महानगर में अथवा जिले में पदाधिकारी नहीं रहा हो। इसका सार यही है कि कोई भी डायरेक्ट भर्ती अध्यक्ष पद के लिये नहीं होगी। सूत्र बताते हैं कि यहां प्रमोशन का रूल रहेगा। जिला अध्यक्ष या महानगर अध्यक्ष बनने के लिये पहली शर्त यही है कि वह कार्यकर्ता दो बार सक्रिय सदस्य रहा हो। मंडल में पदाधिकारी रहा हो या जिला और महानगर में पदाधिकारी रहा हो। सबसे खास बात ये है कि मंडल अध्यक्ष बनने के लिये भी दावेदार का मंडल में पदाधिकारी होना जरूरी है।

### एज बैरियर रोक देगा कई मंडल औरप महानगर दावेदारी का करियर

**करंट क्राइम।** भाजपा ने इस बार मंडल अध्यक्षों के लिये महानगर अध्यक्षों के लिये जो एज बैरियर लगाया है वो बता रहा है कईयों का मंडल और महानगर वाला करियर एज के इस बैरियर के सामने निपट जाएगा। बताते हैं कि जो एज का नियम आया है वो ये है कि मंडल अध्यक्ष के लिये आयु सीमा 35 से 45 रखी गई है। यदि मंडल अध्यक्ष बनने के लिये किसी दावेदारी की आयु 35 वर्ष से कम है या फिर वो 45 वर्ष से अधिक का है तो ऐसे में उसकी दावेदारी निरस्त हो जाएगी। इसी तरह महानगर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष बनने के लिये भी आयु की सीमा तय की गई है। महानगर अध्यक्ष और जिलाध्यक्ष के लिये दावेदार का 45 वर्ष का होना आवश्यक है और 60 वर्ष से ऊपर का नहीं होना चाहिए। भाजपा के सूत्र बता रहे हैं कि कई ऐसे चेहरे हैं जो मंडल अध्यक्ष की दावेदारी में हैं, जो महानगर अध्यक्ष की दावेदारी में हैं, लेकिन यहां एज वाला बैरियर उनके मंडल अध्यक्ष और महानगर अध्यक्ष वाले करियर को प्रभावित करेगा।

### 50 प्रतिशत से ज्यादा बूथ कमेटियों का गठन होने के बाद ही खुलेंगे अध्यक्षी के द्वारा

**करंट क्राइम।** भाजपा की लखनऊ वाली बैठक में ये तय कर दिया गया कि कौन-कौन लोग मंडल का चुनाव लड़ सकते हैं, कौन-कौन लोग अध्यक्ष पद के लिये योग्य माने जाएंगे और यहां इंटरनल निर्देश यह भी दिया गया कि पार्टी लोकतांत्रित प्रक्रिया को अपनाएगी, पारदर्शी कार्यप्रणाली रहेगी, लेकिन भाजपा संगठन गुटबाजी का अड्डा ना बनें इसके लिये अनुशासन पहली प्राथमिकता रहेगी और यहां अनुशासन का मतलब यही है कि दावेदारी सभी करेंगे लेकिन आपसी सहमति को सर्वोपरि माना जाएगा। यहां पर बता दिया गया है कि जिस भी जिले और महानगर में 50 प्रतिशत बूथ कमेटियों का गठन होगा वहीं पर अध्यक्ष वाली घोषणा होगी। इसके अलावा जिन मंडलों में बूथ समितियों की 50 प्रतिशत घोषणा होगी उन्हीं मंडलों में मंडल अध्यक्ष की घोषणा होगी, अगर किसी मंडल में 50 प्रतिशत से कम घोषणा है तो वहां मंडल और महानगर की घोषणा नहीं होगी।

### तस्वीर दे रही है गवाही, भाजपा तैयार कर रही है 2027 के चुनावी रण के लिये सिपाही

**करंट क्राइम।** भाजपा की तैयारियों को देखें तो ये पूरा प्लान उसके चुनावी रण से जुड़ा है। उसने आयु सीमा का बैरियर ही इसलिए लगाया है कि नए और युवा कार्यकर्ता आगे आएं। वो आपसी सहमति पर भी जोर दे रही है और चुनाव की बात भी कह रही है। बूथ कमेटियों के गठन पर भी जोर है और सक्रिय सदस्य की सूची पहली शर्त है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में32 हजार सक्रिय सदस्य बनाए गए हैं। गाजियाबाद में ढाई हजार सक्रिय सदस्यों की सूची चस्पा होगी। सूत्र बताते हैं कि ये पूरी तैयारी 2027 में चुनावी रण की तैयारी है। भाजपा की ये तैयारी इस बात की गवाही है कि 2027 में लड़ने के लिये योग्य सिपाही चुने जा रहे हैं। इसके लिए वो बाकायदा पर्यवेक्षक लेकर आई है। यहां विनोद तावड़े तथा दो अन्य पर्यवेक्षक तैनात रहेंगे। इसी तरह प्रदेश को कंट्रोल करने के लिए तैनाती होगी। उत्तर प्रदेश को छह क्षेत्रों में बांटा गया है और हर क्षेत्र में तीन पर्यवेक्षक लगाए जाएंगे। इसी तरह हर जिले में तीन पर्यवेक्षक होंगे और हर मंडल में भी तीन पर्यवेक्षक होंगे।

### गाजियाबाद में 30 नवंबर को होगी पहली कार्यशाला

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद में 30 नवंबर को पहली कार्यशाला आयोजित होगी। इसके बाद दूसरी कार्यशाला दो दिसंबर को होगी। 30 नवंबर की कार्यशाला के बाद दूसरी कार्यशाला संगठन चुनाव की होगी और उसमें चुनावी प्रक्रिया का विश्लेषण होगा।

---

# अनिल सांवरिया की माता माया देवी का निधन

## आज सुबह साढ़े नौ बजे होगा हिंडन मौक्ष स्थली पर अंतिम संस्कार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा नेता तथा प्रमुख समाजसेवी अनिल अग्रवाल सांवरिया की माता जी माया देवी का निधन गुरुवार को हो गया। अनिल अग्रवाल की माता माया देवी धर्म पत्नी स्व. श्री भूपेंद्र अग्रवाल का देवलोक गमन 28 नवंबर की शाम को हो गया था। अनिल सांवरिय के माता का निधन का समाचार मिलते ही व्यापार जगत और राजनीति जगत तथा वैश्य समाज के लोगों ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया। माया देवी की अंतिम यात्रा आज शुक्रवार को सुबह साढ़े नौ बजे उनके निवासी स्थान ई-95 लोहियानगर गाजियाबाद से हरनंदी घाट मौक्ष स्थली हिंडल घाट के लिये प्रस्थान करेगी।

---

# वेवसिटी, कौशांबी और भोजपुर के बदले गए थानेदार, किसी को सजा तो किसी को उपहार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में गुरुवार की देर रात पुलिस में तीन थाना प्रभारी बदले गए हैं। इसमें एक सहायक पुलिस आयुक्त अंडर ट्रेनिंग अंबुज सिंह यादव को थानाध्यक्ष भोजपुर बनाया गया है। तो वहीं उप निरीक्षक संदीप कुमार




थाना कोतवाली से थानाध्यक्ष कौशांबी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। संदीप 2015 बैच के उपनिरीक्षक हैं और पुलिस में उनकी छवि इमानदार है। तो वहीं कौशांबी थानाध्यक्ष सर्वेश कुमार पाल को थाना वेव सिटी का प्रभारी बनाया गया है। वेव सिटी थाने पर अंकित चौहान तैनात थे, उनको अभी थाने पर ही रखा गया है या लाइन भेजा गया है यह सस्पेंस बरकरार है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि अंकित चौहान बीते दिनों वेव सिटी थाना क्षेत्र में एक बेहद बड़ा प्रकरण हुआ था। उसी मामले में उनका सोशल मीडिया पर एक वीडियो भी वायरल हुआ था, बताया जा रहा है कि उसी के चलते उन्हें थाने से हटाया जा सकता है। वैसे फिलहाल वह लाइन भेजे जाएंगे या उनका मामला फाइन चलेगा, अभी यह सस्पेंस बना हुआ है। वहीं पुलिस सूत्रों ने बताया है कि वह अभी थाने से चार दिन की छुट्टी पर हैं।

### देहात से गए और फिर देहात में लौटे सर्वेश पाल

करंट क्राइम : कौशांबी थानाध्क्ष सर्वेश पाल देहात जोन से ही एक इनामी बदमाश का फुल एनकाउंटर करने के कुछ दिनों बाद नदिया पार के खास थानों में शामिल कौशांबी थाने भेजे गए थे। गुरुवार को एक लिस्ट के बाद उनका नदिया पार से दोबारा ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले वेव सिटी थाने पर थानाध्यक्ष के रूप में तैनाती दी गई है।

### क्या अभी देहात में और गिरेंगे विकेट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि आने वाले दिनों में देहात जोन को लेकर कुछ और सूचनाओं मिल सकती हैं। अभी फिलहाल देखना होगा कि निवर्तमान वेव सिटी थानाध्यक्ष का क्या होगा। इस पर सस्पेंस है। तो वहीं देहात के एक थाने का मामला भी अभी टाइट बता जा रहा है, जहां फुल एनकाउंटर को लेकर फाइट वाला सीन बना था।

---

# किस भाजपा नेता के भाई को पुलिस ने भेज दिया जेल

### मारपीट का था मामला और सिफारिशों के बीच हो गया खेल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में पुलिस के अधिकारी कानून व्यवस्था के मामले में एकदम सख्त एक्शन रखते हैं। मामला चाहे सत्ता वाले दल का हो या विरोधियों का। पुलिस की कार्रवाई एक समान चलती है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम के सूत्रों से जानकारी मिली है कि बीते दिनों सिटी जोन में एक थाने से जुड़ा मामला है, जहां भाजपा के एक नेता के भाई को पुलिस ने मारपीट के मामले में जेल भेज दिया बताया जा रहा है। सुनने में आ रहा है कि कई स्तर पर कार्रवाई और शिकायतों का दौर भी चला लेकिन आखिरकार युवा भाजपा नेता के भाई पर कार्रवाई हो ही गई। वहीं सुनने में आ रहा है कि इस पूरे मामले में भाजपा नेताओं की भी नहीं चली। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिस भाजपा नेता से जुड़ा मामला है यह पूर्व में बेहद आक्रामक अंदाज में पुलिस से लेकर प्रशासन और नेताओं पर सोशल मीडिया के माध्यम से टिप्पणी करता है। वही सुनने में आ रहा है कि इस मामले में भाजपा के कई नेताओं ने भी ठीक प्रकार से पैरवी भी नहीं की वरना चौकी प्रभारी स्तर पर ही मामला सुलझ सकता था लेकिन मामला जब थाने तक पहुंचा तो पुलिस के अधिकारियों का दखल हुआ और मामला फेवर के बजाय अपोजिशन में चला गया। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम वाले सूत्र बता रहे हैं कि वैसे तो पुलिस ने आरोपी को कमिश्नरेट सिस्टम के तहत शांति व्यवस्था भंग करने की धाराओं में ही भेजा है लेकिन अभी यह तय नहीं है कि युवा भगवा नेता के भाई को अभी कितने दिन डासना में बिताने पड़ेंगे। उधर भगवागढ़ में चर्चा शुरू हो गई है कि बीते दिनों तक यह युवा नेता कई प्रमुख भाजपा नेताओं के साथ भी नजर आए थे लेकिन कार्रवाई होने पर युवा भाजपा नेता बेहद टेंशन में बताए जा रहे हैं।

---

# अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज मामले को हुआ एक माह पूरा, अब तक नहीं हुई कोई कार्रवाई

## आज अधिवक्ता मनाएंगे काला दिवस, विरोध में बनाएंगे मानव श्रृंखला, 51 अधिवक्ताओं की समिति चलाएगी आज से प्रमुखता से आंदोलन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद के अधिवक्ताओं पर कचहरी में कोर्टरूम के भीतर 29 अक्टूबर को हुए लाठीचार्ज के विरोध में आज 29 नवंबर को काला दिवस के रूप में कचहरी परिसर गाजियाबाद में मनाएंगे। इस दौरान बाहर एसोसिएशन गाजियाबाद के बैनर तले कचहरी प्रांगण में विरोध स्वरूप अधिवक्ता मानव श्रृंखला बनाकर प्रदर्शन करेंगे। बार एसोसिएशन गाजियाबाद के सचिव और अध्यक्ष दोबारा से अपने पद पर रिटर्न हो गए हैं और आंदोलन को प्रमुखता से चलने के लिए रणनीति तय कर दी गई है। इसके तहत आंदोलन संघर्ष समिति का गठन किया गया है। जिसमें कुल 51 वरिष्ठ अधिवक्ताओं को शामिल करते हुए अधिवक्ताओं की आवाज को बुलंद करने और जिला जज के ट्रांसफर से लेकर पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई का दबाव बनाया जाएगा। बता दें कि बीते एक महीने से गाजियाबाद कचहरी में हड़ताल चल रही है। बीच में दो से तीन बार हड़ताल समाप्ति के फैसले हुए लेकिन अधिवक्ताओं के विरोध के बाद तत्काल यह फैसला वापस भी लेना पड़ा है। आज घटना को हुए एक महीना पूरा हो गया है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने के विरोध में अधिवक्ता ने आज काला दिवस मनाएंगे।



### आंदोलन संघर्ष समिति में यह प्रमुख अधिवक्ता चुने गए

**करंट क्राइम ।** अधिवक्ताओं के आंदोलन को प्रमुखता से चलने के लिए आंदोलन संघर्ष समिति का गठन किया गया है। जिसमें सतपाल यादव, राजेंद्र चौधरी, अब्दुल्ला, अजयवीर चौधरी, तेजराम यादव, ओमवीर मलिक, वीरेंद्र सिसोदिया, सुमित त्यागी कन्नौजा, वरुण त्यागी बयाना, नितिन यादव, इस्तकबाल, विश्वास त्यागी, विजय गौड़, विजेंद्र यादव, रवि किरण गौतम, परमिंदर नागर, गौतम त्यागी, ओमवीर सिंह रावल, योगेंद्र सिंघल, खुशनुमा परवीन, पूनम गुप्ता, सुनीता वर्मा, आदेश गर्ग, सुनील लाला प्रजापति, सारिका त्यागी, समीर नवाब, शैंकी बडगुर्जर ,रोहित गोला, सचिन शर्मा, आमिर डबास, ब्रिजेश यादव, बिजेंद्र शर्मा, संजय गांधी, धीरज शर्मा, ललित शर्मा, एसपी शर्मा, कपिल त्यागी, अनूप कुमार, पप्पू त्यागी, अमित राणा, राकेश त्यागी निवाड़ी, उमाकांत शर्मा, शाहनवाज चौहान, अखिल त्यागी, दिनेश राघव, किशोर, लक्ष्मण नरायण, सुमित देशबंधु, उमेश कसाना और किरण शर्मा का नाम सर्व सहमति से तय किया गया है। अब 29 नवंबर से यह समिति पूरे आंदोलन को अपने हिसाब से चलने का काम करेगी।

### बीच में कई बार हड़ताल वापसी के आदेश के चलते आज नहीं होगा हाईकोर्ट में घेराव

#### अध्यक्ष और सचिव आंदोलन में हुए रिटर्न

**करंट क्राइम ।** कुछ समय के लिए कार्यवाहक अध्यक्ष बनाई गई शबनम खान ने बताया है कि अध्यक्ष के तौर पर दीपक शर्मा ही बार एसोसिएशन गाजियाबाद और सचिव अमित नेहरा पूरे आंदोलन को प्रमुखता से चलाएंगे। दोनों ने अधिवक्ताओं को भरोसा दिया है कि वह अधिवक्ताओं की आवाज को बुलंद करने के साथ ही जिला जज और लाठीचार्ज करने वाले पुलिसकर्मियों के निलंबन होने तक पूरा आंदोलन जारी रखेंगे।





### पुलिस और खुफिया तंत्र रहेगा अलर्ट

**करंट क्राइम ।** शुक्रवार 29 नवंबर को अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज हुए 1 महीने का वक्त हो गया है। बीते एक महीने से अधिवक्ता जिला जज अनिल सिंह को हटाने की मांग कर रहे हैं। तो वहीं दोषी पुलिसकर्मी जिन्होंने लााठ चार्ज किया था उनपर कार्रवाई मुआवजा और अन्य मांग को लेकर धरना प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन अब तक इस मामले में कोई हल नहीं निकला है। आज एक माह पूरा हो रहा है, इसको लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद और खुफिया तंत्र अलर्ट मोड पर रहेगा ताकि किसी प्रकार की कानून व्यवस्था की स्थिति उत्पन्न ना होने पाए।

## संपादकीय

# प्रभावी आवागमन

ई-कॉमर्स कंपनियों सहित माल का बढ़ता आवागमन और प्राथमिक से अंतिम छोर तक बढ़ती आवाजाही भारतीय शहरों में बढ़ती भीड़, शोर और ध्वनि प्रदूषण के लिए जिम्मेदार हैं। शहरों में माल की आवाजाही के प्रबंधन और लॉजिस्टिक की लागत कम करने के लिए उद्योग संवर्धन एवं आंतरिक व्यापार (डीपीआईआईटी) विभाग ने महानगरों के लिए व्यापक शहरी लॉजिस्टिक योजना (सीएलपी) तैयार की है।

इसकी शुरूआत बेंगलूरु और दिल्ली से हुई है। इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि इसका लक्ष्य माल और लॉजिस्टिक प्रबंधन को सुसंगत बनाना और वाहनों से जुड़ी गतिविधियों की बाहय नकारात्मकताओं जैसे भीड़-भाड़ और प्रदूषण को दूर करना और इसके साथ ही टिकाऊ लक्ष्यों को बढ़ावा देते हुए जीवन की समग्र गुणवत्ता में सुधार करना है। यह 2022 में प्रस्तुत नैशनल लॉजिस्टिक नीति के भी अनुरूप है जिसें शहरी स्तर की लॉजिस्टिक योजनाओं का विकास शामिल है।

नैशनल काउंसिल ऑफ ऐप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च के अनुमान दिखाते हैं कि 2021-22 में सकल घरेलू उत्पाद में लॉजिस्टिक की लागत 7.8 से 8.9 फीसदी रही। शहरी क्षेत्रों में ई-कॉमर्स के क्षेत्र में शहरों में अंतिम छोर तक वाहनों का आवागमन कुल लॉजिस्टिक लागत का 50 फीसदी है। इसके अलावा देश के कुल माल वहन संबंधी कार्बन डाई ऑक्साइड उत्सर्जन में शहरी माल वहन की हिस्सेदारी 10 फीसदी है और यह शहर के भीतर परिवहन संबंधी नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा पर्टिकुलेट मैटर उत्सर्जन में सबसे अधिक योगदान करने वाला है। इससे यह बात रेखांकित होती है कि हमें लॉजिस्टिक की लागत पर लगाम लगाने के लिए एक व्यवस्थित योजना बनाकर काम करना होगा। जापान और कई यूरोपीय देश मसलन जर्मनी और फ्रांस शहरी लॉजिस्टिक में अग्रणी हैं। इस संबंध में भारत को वैश्विक स्तर पर बेहतरीन व्यवहार को अपनाना चाहिए। इसमें शामिल हैं, एनालिटिक्स का इस्तेमाल करके एकदम सटीक मार्ग निर्धारण ताकि दौरों की संख्या और उनकी लागत में कमी आ सके। इसके अलावा पैकिंग डिजाइन और व्यवहार की मदद से लोड फैक्टर बढ़ाना भी दौरे कम करने में सहायक होगा।

बहुउपयोगी लेन और रात में डिलिवरी की मदद से शहरी माल डिलिवरी की उत्पादकता बढ़ेगी और डिजिटल प्लेटफॉर्म की सहायता से लोड मिलान और समय की बरबादी रोकना भी इसमें शामिल है। अध्ययन दिखाते हैं कि बड़े वाहनों पर माल ढुलाई के कारण परिवहन किफायती होता है कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आती है। ऐसा इसलिए कि बड़े वाहन एक बार में अधिक माल ढो सकते हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार भारी माल ढुलाई को रेल के हवाले करके, ट्रकों का इस्तेमाल बेहतर बनाकर और स्वच्छ ईंधन का उपयोग करके भारत 2050 तक 10 गीगाटन कार्बन उत्सर्जन कम कर सकता है।

# केंद्रीय मंत्री ने भारत-अमेरिका के संबंधों पर जताया अनुमान, 'डोनाल्ड ट्रंप भारत के मित्र'



**नई दिल्ली।** नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के मित्र हैं और भारत-अमेरिका की मित्रता आगे भी बढ़ती रहेगी। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को यह बात कही। केंद्रीय मंत्री का यह बयान पूर्व में ट्रंप की ओर भारत पर अधिक टैरिफ का आरोप लगाए जाने के बावजूद आया है। ट्रम्प ने अपने चुनाव अभियान के दौरान आरोप लगाया था कि सभी प्रमुख देशों के बीच भारत विदेशी उत्पादों पर सबसे अधिक टैरिफ लगाता है और उन्होंने सत्ता में आने पर इसके जवाब में टैरिफ लगाने की कसम खाई थी। यहां एक मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए गोयल ने कहा कि आधिकारिक प्रक्रियाएं पूरी हो जाने और नई सरकार के कार्यभार संभालने के बाद वह अमेरिका में अपने समकक्ष के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं। जब उनसे पूछा गया कि अमेरिका में नए ट्रंप प्रशासन के कार्यभार संभालने के बाद भारत की स्थिति क्या है, तो मंत्री ने कहा, मुझे लगता है कि हमें जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। हमें (अमेरिका में) नई सरकार को आने और कार्यभार संभालने व अपने औपचारिक और आधिकारिक विचार व्यक्त करने देना चाहिए। गोयल ने कहा कि स्थिति की मेरी समझ और ट्रंप प्रशासन के साथ काम करने के मेरे अपने अनुभव के अनुसार... मुझे किसी भी तरह की समस्या नहीं दिखती। गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं और उन्होंने भारत के अंतरराष्ट्रीय संबंधों को पहले से कहीं बेहतर ढंग से प्रबंधित किया है। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में तीन प्रशासनों, ओबामा प्रशासन, ट्रम्प प्रशासन और बाइडन प्रशासन के साथ काम किया है और हम फिर से ट्रम्प प्रशासन के साथ काम करेंगे। गोयल ने कहा कि अमेरिका के साथ भारत के संबंध हर साल बेहतर होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा, जैसा कि ट्रम्प ने स्वयं कहा है कि 'मेरे अच्छे मित्र मोदी' और उनकी (ट्रम्प) की ओर से भारत के साथ संबंधों व साझेदारी पर विश्वास कई अवसरों पर व्यक्त किया गया है। वाणिज्य व उद्योग मंत्री ने आगे कहा, ट्रम्प भारत के मित्र हैं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्र हैं और मुझे विश्वास है कि यह मित्रता आगे भी बढ़ती रहेगी, जैसा कि उनकी अब तक की विभिन्न टिप्पणियों से स्पष्ट है।

## शेयर बाजार भारी गिरावट के साथ बंद, सेंसेक्स 1,190 अंक गिरा



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को लाल निशान में बंद हुआ। घरेलू बाजार में यह गिरावट वैश्विक बाजारों में आई गिरावट के अनुरूप रही। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियों को लेकर बढ़ती चिंताओं और अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार में गिरावट देखी गई। सेंसेक्स 1,190.34 अंक या 1.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 79,043.74 पर बंद हुआ। निफ्टी 360.75 अंक या 1.49 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,914.15 पर बंद हुआ। इस गिरावट का नेतृत्व आईटी शेयरों ने किया। निफ्टी आईटी इंडेक्स में भारी बिकवाली देखी गई और यह दो प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट के साथ 42,968.75 पर बंद हुआ। मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने लार्जकैप से बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 28.40 अंक या 0.05 प्रतिशत बढ़कर 56,300.75 पर पहुंच गया। निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 8.70 अंक या 0.05 प्रतिशत बढ़कर 18,511.55 पर पहुंच गया। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 2,208 शेयर हरे निशान और 1,731 शेयर लाल निशान में बंद हुए। जबकि, 106 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बाजार के जानकारों ने कहा, अमेरिकी बाजार में रातों-रात हुई बिकवाली ने हैवीवेट आईटी शेयरों में गिरावट को बढ़ावा दिया, जो ब्याज दरों में कटौती की दिशा में नई अनिश्चितता और भू-राजनीतिक तनाव के कारण हुई। उन्होंने आगे बताया कि इसके विपरीत, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) और कम मूल्य वाले शेयरों में अवसर तलाशने वाले निवेशकों के रुख में बदलाव के कारण बाजार ने फ्रंटलाइन इंडेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी सेक्टोरल इंडेक्स में आईटी, ऑटो, फाइनेंशियल सर्विसेज, फार्मा, एफएमसीजी, मेटल, एनर्जी, प्राइवेट बैंक, इंफ्रा और कमोडिटीज में बिकवाली रही।

## ग्लोबल फंड्स का अदाणी ग्रुप पर भरोसा कायम, आईएचसी ने कहा, 'निवेश पर दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं'



**नई दिल्ली।** अबू धाबी के ग्लोबल सॉवरेन फंड इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी (आईएचसी) ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका में अदाणी ग्रुप के अधिकारियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल होने के बाद ग्रुप में निवेश पर उनके दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं आया है। अपने बयान में आईएचसी ने कहा, अदाणी ग्रुप के साथ साझेदारी ग्रीन एनर्जी और सस्टेनेबिलिटी सेक्टर्स में उनके योगदान में हमारे विश्वास को दर्शाती है। आईएचसी का नाम दुनिया के बड़े सॉवरेन फंड्स में शामिल है और यह 100 अरब डॉलर से ज्यादा की संपत्तियों का प्रबंधन करता है। आईएचसी ने आगे कहा कि हमारी टीम सभी निवेशों की जरूरी जानकारी और विकास का मूल्यांकन करना जारी रखती है। इस समय अदाणी ग्रुप में निवेशों पर हमारे दृष्टिकोण में कोई बदलाव नहीं आया है। अप्रैल 2022 में सॉवरेन फंड ने अदाणी ग्रुप की रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अदाणी ग्रीन एनर्जी और बिजली कंपनी अदाणी ट्रांसमिशन में लगभग 500 मिलियन डॉलर और ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अदाणी एंटरप्राइजेज में 1 अरब डॉलर का निवेश किया था। श्रीलंका की पोर्ट अथॉरिटी द्वारा भी अदाणी ग्रुप के साथ साझेदारी में विश्वास जताया गया है। देश के पोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर में अदाणी ग्रुप के इस प्रोजेक्ट का काफी महत्व है। अदाणी ग्रुप के द्वारा कोलंबो टर्मिनल में एक अरब डॉलर से ज्यादा निवेश किया जा रहा है। श्रीलंका के पोर्ट सेक्टर में यह अब तक का सबसे बड़ा विदेशी निवेश है। तंजानिया सरकार ने भी अदाणी पोर्ट्स के साथ अपने समझौतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए कहा, चल रही परियोजनाओं के बारे में कोई चिंता नहीं है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।
- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग किया जाने वाला पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को जब चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।

## क्रेडिट कार्ड से खर्च अक्टूबर में पहुंचा 2 लाख करोड़ के पार : आरबीआई



**नई दिल्ली।** त्योहारी सीजन के दौरान भारत में क्रेडिट कार्ड से खर्च 2 लाख करोड़ रुपये के पार हो गया, जो कि सितंबर माह की तुलना में 14.5 प्रतिशत अधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के ताजा आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में क्रेडिट कार्ड पर खर्च 2.02 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले साल की तुलना में 13 प्रतिशत अधिक है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के अनुसार, सिस्टम में बकाया क्रेडिट कार्ड 12.85 प्रतिशत बढ़कर 106.88 मिलियन हो गए, जो सितंबर से 0.74 प्रतिशत अधिक है। एचडीएफसी बैंक 241,119 क्रेडिट कार्ड जारी कर चार्ट में सबसे आगे रहा, उसके बाद एसबीआई कार्ड्स ने 220,265 कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक ने 138,541 कार्ड जारी किए। इस बीच, आरबीआई के मासिक आंकड़ों के अनुसार, यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान में उछाल के कारण, डेबिट कार्ड आधारित लेनदेन अगस्त में लगभग 43,350 करोड़ रुपये से लगभग 8 प्रतिशत घटकर सितंबर में लगभग 39,920 करोड़ रुपये रह गया। दूसरी ओर, देश में क्रेडिट कार्ड लेनदेन में वृद्धि हुई, जिसमें सितंबर के महीने में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, जो अगस्त में 1.68 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 1.76 लाख करोड़ रुपये हो गई। बाजार के जानकारों के अनुसार, क्रेडिट कार्ड खर्च में वृद्धि पिछले वर्ष और त्योहारी सीजन में लोअर बेस के कारण हुई है।

## केंद्र सरकार ने बिजली नेटवर्क को बढ़ाने के लिए बनाई 9.1 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना



**नई दिल्ली।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय द्वारा देश में पावर ट्रांसमिशन इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाने के लिए 2031-32 तक 9.12 लाख करोड़ रुपये निवेश करने की योजना बनाई गई है। यह जानकारी केंद्रीय ऊर्जा राज्य मंत्री श्रीपाद येसो नाइक ने राज्यसभा में दी। केंद्रीय मंत्री ने कहा, ₹राष्ट्रीय विद्युत योजना (ट्रांसमिशन) के अनुसार, 2022-23 से 2031-32 तक के 10 साल की अवधि में 1.91 लाख किलोमीटर (किमी) ट्रांसमिशन लाइनें और 1274 गीगा वोल्ट एम्पीयर (जीवीए) ट्रांसफॉरमेशन क्षमता (220 केवी और ऊपर के वोल्टेज स्तर पर) जोड़ी जाएगी। इसके अलावा 33.25 गीगावॉट हाई वोल्टेज डायरेक्ट करंट (एचवीडीसी) बाय-पोल लिंक की भी योजना बनाई गई है। इसके अलावा अंतर-क्षेत्रीय ट्रांसमिशन क्षमता को वर्तमान स्तर 119 गीगावॉट से बढ़ाकर 2026-27 तक 143 गीगावॉट और 2031-32 तक 168 गीगावॉट तक बढ़ाने की योजना है। इस प्लान में ट्रांसमिशन के नए टेक्नोलॉजी विकल्पों, क्रॉस-बॉर्डर इंटरकनेक्शन और ट्रांसमिशन में निजी सेक्टर की भागीदारी पर जोर दिया गया है। राष्ट्रीय विद्युत योजना (ट्रांसमिशन) में नेपाल, भूटान, म्यांमार, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे पड़ोसी देशों के साथ मौजूदा और योजनाबद्ध इंटरकनेक्शन को भी कवर किया गया है। एक अन्य लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वर्तमान में देश में कुल 13,997.5 मेगावाट की 28 जलविद्युत परियोजनाएं (एचईपी) और 6,050 मेगावाट की पांच पंप स्टोरेज परियोजनाएं (पीएसपी) निमार्णाधीन हैं। कुल 19,460 मेगावाट की 28 एचईपी और 4,100 मेगावाट की चार पीएसपी की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट को केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा एप्रूव किया गया है। उन्होंने कहा कि कुल 8,036 मेगावाट की 11 एचईपी सर्वेक्षण और जांच (एस एंड आई) के अधीन हैं।

## राशिफल

**मेष :** यात्रा में जल्दबाजी न करें। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। अज्ञात भय रहेगा। दुष्टजनों से सावधानी आवश्यक हैं।

**वृष :** प्रयास सफल रहेंगे। जीवनसाथी के बारे में चिंता रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। कोई बड़ा काम करने की इच्छा जागृत होगी।

**मिथुन :** किसी प्रकार से शारीरिक कष्ट की आशंका है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। घर-परिवार में अतिथियों का आगमन होगा

**र्कक :** रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। कोई बड़ी समस्या का हल मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होने की संभावना हैं

**सिंह :** कोई बड़ा खर्च सामने आ सकता है। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है। किसी भी तरह के विवाद में न पड़ें। स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती ह।

**कन्या :** कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट की आशंका है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों व रिश्तेदारों का सहयोग कर पाएंगें।

**तुला :** आर्थिक उन्नति के लिए नई योजना बनेगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। मान-सम्मान मिलेगा। काफी समय से अटके काम पूरे होंगे।

**वृश्चिक :** किसी तरह की अनहोनी की आशंका रहेगी। लेन-देन में सावधानी रखें। बुरे व्यक्तियों की पहचान आवश्यक है, दूर रहें। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

**धनु :** किसी अपने से विवाद से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें।

**मकर :** जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त हो सकता हैं।

**कुंभ :** किसी तरह से अपमान हो सकता है। विवेक का प्रयोग करें। भूमि व भवन इत्यादि की खरीद-फरोख्त लाभदायक रहेगी

**मीन :** भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग अध्ययन आदि के कार्य में सफलता प्राप्त करेगा। रचनात्मक कार्यों में रुचि जागृत होगी। छोटी-मोटी यात्रा हो सकती ह।

## चुटकुले

पत्नी- देखो मौसम कितना हसीन है
तुम्हारा क्या प्लान है?
पति- मेरा तो वही है 178 में 1 जीबी का 28 दिन के लिए
पत्नी- घुस जाओ तुम मोबाइल में पहले...

---

एक महिला सुबह-सुबह बिस्तर से सीधे उठकर मेकअप कर रही थी
तभी पति की भी आंख खुल गई
पति- पगला गई हो क्या? सुबह-सुबह मेकअप...
पत्नी- चुपचाप लेटे रहो, मुझे अपना फोन खोलना है, फेस लॉक लगा दिया था, और अब वह मुझे पहचान नहीं रहा है...!

---

डॉक्टर मरीज से- अगर तुम मेरी दवा से ठीक हो गए तो मुझे क्या इनाम दोगे?
मरीज- साहब मैं तो बहुत गरीब आदमी हूं कब्र खोदता हूं...
आपकी फ्री में खोद दूंगा.

---

टीचर- अगर कोई स्कूल के सामने बम रख जाए तो तुम क्या करोगे?
छात्र- एक-दो घंटे देखेंगे, अगर कोई ले जाता है, तो ठीक है,
वरना स्टाफ रूम में रख देंगे।




प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

**करंट क्राइम**
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

**करंट क्राइम**
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# गुकेश ने तीसरी बाजी जीत कर लिरेन पर मानसिक बढ़त बनाई

**नई दिल्ली।** भारत के युवा शतरंज खिलाड़ी डी गुकेश ने विश्व शतरंज चैम्पियनशिप में एक दिन के विश्राम के बार शुक्रवार को चौथी बाजी के लिए जब चीन के डिंग लिरेन के खिलाफ चुनौती पेश करेंगे तो 14 बाजियों वाले इस मुकाबले की तीसरी बाजी में मिली जीत से उनका मनोबल बड़ा हुआ होगा। 18 साल के गुकेश ने तीसरे दौर में शानदार प्रदर्शन करते हुए इस चैम्पियनशिप की अपनी पहली जीत दर्ज की। क्लासिक टाइम कंट्रोल के तहत खेली जा रही चैंपियनशिप में अभी 11 मुकाबले बचे हुए हैं।




### जश्न नहीं मनाने दिया, एंटी डोपिंग परीक्षण के लिए ले गए

इससे पहले गुकेश को शुरूआती मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था, जबकि दूसरा मुकाबला ड्रॉ रहा था। तीन बाजियों के बाद दोनों दोनों खिलाड़ियों के अब एक समान डेढ़-डेढ़ अंक हैं। जैसे ही यह युवा भारतीय ग्रैंडमास्टर टूनामेंट की अपनी पहली जीत का जश्न मनाने जा रहा था, उन्हें अपने जश्न को मजबूरी में रोकना पड़ा। ग्रैंडमास्टर और मेडिकल प्रोफेशनल झाओ जोंग युआन जो कि एक डोपिंग रोधी परीक्षण के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गए हैं, 18 वर्षीय गुकेश को बुला लिया और उन्हें परीक्षण के लिए ले गए।

हालांकि, इसके बावजूद गुकेश ने अपना संयम बनाए रखा और स्थिति को शालीनता के साथ संभाला। पुरस्कार विजेता शतरंज खिलाड़ी, कोच और पत्रकार माइक क्लेन, जिन्होंने इस घटना को कैमरे में शूट किया, ने बताया कि डिंग लिरेन को भी कुछ ही समय बाद उसी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। फिडे नियमों के तहत कभी भी एंटी-डोपिंग परीक्षण आयोजित किए जाते हैं ताकि खेल की अखंडता को बनाए रखा जा सके।

### मैच के दौरान क्या हुआ?

पहली बाजी में शिकस्त का सामना करने वाले गुकेश ने स्पष्ट रूप से अपने खेल के स्तर को ऊंचा किया और बेहतर तैयारी दिखाई है।

### ऐसे होती है चेस में एंटी डोपिंग परीक्षण

इस प्रक्रिया में किसी भी प्रतिबंधित पदार्थों की जांच के लिए जैविक नमूने एकत्र करना शामिल है जो मानसिक ध्यान, सहनशक्ति या प्रतिक्रिया समय को गलत तरीके से बढ़ा सकते हैं। इस बीच फिडे की डोपिंग रोधी परीक्षण नीति में खिलाड़ियों को मूत्र के नमूने जमा कराने होते हैं और ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन ने पिछले साल इस प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। सरीन ने अपने अनुभव के बारे में बात करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया था जब उन्हें प्रक्रिया को मंजूरी देने से पहले तीन बार नमूना देना पड़ा था।


लिरेन को तीसरी बाजी में चालों की गणना करने में गलती का खामियाजा उठाना पड़ा। उन्होंने इस दौरान बहुत अधिक समय लिये जिससे उनके लिए चीजें जटिल होती चली गईं। 13वीं चाल तक गुकेश के पास एक घंटे की बढ़त थी और उन्होंने सिर्फ चार मिनट खर्च किये थे। लिरेन ने दूसरी तरफ एक घंटा और छह मिनट लगा दिए थे। खेल के पहले 120 मिनट में से 40 चालों तक समय में कोई इजाफा नहीं किया जाता। बीच में मुकाबला जटिल होने से लिरेन पर असर पड़ा और गुकेश ने सटीक चालों से उन पर दबाव बढ़ा दिया। गुकेश ने वही रणनीति अपनाई जो पूर्व विश्व चैम्पियन रूस के व्लादिमीर क्रामनिक ने एक रैपिड मुकाबले में भारत के अर्जुन एरिगेसी के खिलाफ अपनाई थी। एरिगेसी ने हार से बाल बाल बचते हुए वह मुकाबला ड्रॉ कराया था, जबकि गुकेश ने लिरेन की सहज गलतियों का फायदा उठाकर जीत दर्ज की।

### शुरूआती मुकाबले में मिली थी हार

इससे पहले शुरूआती मुकाबले में गुकेश को बाजी के बीच में गैर जरूरी ढंग से जटिल बनाना भारी पड़ा जिससे चीन के मौजूदा चैम्पियन को जीत से आगाज करने का मौका दिया। गुकेश ने दूसरी बाजी में अच्छी वापसी करते हुए लिरेन को बराबरी पर रोका। यह मुकाबला केवल 23 चालों तक चला। 18 वर्षीय गुकेश विश्व खिताब के लिए सबसे कम उम्र के दावेदार हैं और वह विश्वनाथन आनंद के बाद यह खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बनने की कोशिश कर रहे हैं। आनंद ने अपने शानदार करियर में पांच बार यह खिताब अपने नाम किया है।

लिरेन के पास आखिरी नौ चाल के लिये सिर्फ दो मिनट और आखिरी छह चाल के लिये सिर्फ दस सेकंड बचे थे। आखिर में उनके पास समय ही बाकी नहीं रह गया। सफेद मोहरों से खेलते हुए जीत दर्ज करने के बाद गुकेश ने प्रेस कांफ्रेंस में कहा ,ह्यह्य बहुत अच्छा लग रहा है । पिछले दो दिन मैं अपने खेल से खुश था। आज मैंने और अच्छा खेला। बोर्ड पर अच्छा लग रहा था और मैं अपने प्रतिद्वंद्वी को हराने में कामयाब रहा।'

# नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में हिस्सा नहीं लेंगी मनु भाकर



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार निशानेबाज और पेरिस ओलंपिक्स 2024 की डबल मेडल विजेता मनु भाकर ने दोबारा ट्रेनिंग शुरू कर दी है। लेकिन उनके फैंस के लिए एक निराशाजक खबर है क्योंकि मनु अगले महीने होने वाली नेशनल चैंपियनशिप का हिस्सा नहीं होंगी। ये पेरिस ओलंपिक्स के बाद ऐसा दूसरा बड़ा टूनामेंट होगा, जिसमें मनु भाकर ने भाग लेने से इनकार कर दिया है। इससे पहले उन्होंने अक्टूबर महीन में दिल्ली में हुए आईएसएसएफ शूटिंग वर्ल्ड कप फाइनल से भी अपना नाम वापस ले लिया था।

दरअसल, मनु भाकर के कोच जसपाल राणा का कहना है कि मनु भाकर नेशनल चैंपियनशिप में भाग नहीं लेंगी। कोच के मुताबिक मनु को ट्रेनिंग में वापस आए उतना समय नहीं हुआ है, जिससे वो अभी बड़े टूनामेंट में भाग ले सकें। अभी भारतीय निशानेबाज अपने कोच के साथ यूरोप में है, जहां वो अपनी ग्रिप को बेहतर बनाने पर जोर दे रही हैं।

वहीं जसपाल राणा ने कहा कि, हम फिलहाल मनु भाकर की ग्रिप को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। जिस कारण हमने यूरोपीय दौरे का फैसला पहले ही कर लिया था। ऐसे कई पहलू हैं जिनपर हमें ध्यान देने की जरूरत है लेकिन अभी ज्यादा कुछ नहीं कह सकते। मैं आश्वस्त हूं कि इन बदलावों से भविष्य में मनु के प्रदर्शन में सुधार आएगा।



# विराट कोहली का पिंक बॉल टेस्ट में रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** पर्थ टेस्ट में विराट कोहली ने शानदार प्रदर्शन किया। वह लंबे समय बाद फॉर्म में लौटे जो की टीम इंडिया के लिए अच्छा संकेत है। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर विराट कोहली ने सीरीज के पहले टेस्ट की दूसरी पारी में नाबाद शतक जड़कर टीम इंडिया को बड़ी जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में कोहली ने नाबाद शतक जड़ा। भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों के बीच दूसरा टेस्ट मैच एडिलेड में खेला जाएगा। ये टेस्ट मैच पिंक बॉल से डे नाइट होगा। दूसरे टेस्ट मैच से पहले जानें कि विराट कोहली का पिंक बॉल टेस्ट में रिकॉर्ड कैसा है?

विराट कोहली के रिकॉर्ड्स

विराट कोहली ने एडिलेड में पिंक बॉल से एक टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने पहली पारी में 74 रन बनाए हैं जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 4 रन बनाए। डे नाइट टेस्ट मैचों में कोहली के नाम ओवरऑल 277 रन हैं जिसमें उनकी बल्लेबाजी औसत 46.16 रही है।

### कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवरऑल 26 टेस्ट मैच खेल चुके हैं जहां उन्होंने 2147 रन बनाए हैं

विराट ने बांग्लादेश के खिलाफ 2019 में खेले गए डे नाइट टेस्ट मैच में 136 रन की पारी खेली थी। ये पिंक बॉल टेस्ट मैच कोलाकात के ईडन गार्डन में खेला गया था। भारत ने इस टेस्ट का पारी के अंतर से जीता था। इंग्लैंड के खिलाफ अहमदाबाद में खेले गए पिंक बॉल टेस्ट मैच में कोहली ने 27 रन बनाए जबकि दूसरी पारी में उनकी बल्लेबाजी नहीं आई। फिलहाल, विराट कोहली अपने टेस्ट करियर में 4 डे-नाइट टेस्ट खेले चुके हैं। बैंगलोर में श्रीलंका के खिलाफ खेले डे-नाइट टेस्ट मैच में विराट ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में 23 रन की पारी खेली थी जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 13 रन बनाए। 5 मैचों की टेस्ट सीरीज में भारतीय टीम 1-0 से आगे है। भारत ने पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पहली बार ऑस्ट्रेलिया को मात दी। इससे पहले इस वेन्यू पर खेले 4 टेस्ट मैचों में ऑस्ट्रेलिया ने सभी मैच जीते थे। यहां पहली बार किसी टीम ने उसे हराया है। पर्थ में मेजबान टीम की बल्लेबाजी लचर रही। उसके गेदंबाजों ने पहली पारी में धारदार गेंदबाजी से भारत को 150 पर समेट दिया था लेकिन दूसरी बारी में गेंदबाज विकेट को तरस गए थे। साथ ही विराट कोहली पर्थ की तरह एडिलेड में भी अपने बेहतरीन प्रदर्शन को दोहराना चाहेंगे। उन्होंने टेस्ट करियर का 30वां शतक जड़ा जबकि इंटरनेशनल करियर का 81वीं सेंचुरी थी। कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ओवरऑल 26 टेस्ट मैच खेल चुके हैं जहां उन्होंने 2147 रन बनाए हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उनके नाम 9 टेस्ट शतक दर्ज हैं। इस दौरान उन्होंने 5 हाफ सेंचुरी भी जड़ी है। कोहली ने ऑस्ट्रेलिया में 14 मैचों में 1457 रन बनाए हैं जिसमें 7 शतक और 4 अर्धशतक शामिल हैं।

# रोनाल्डो-मेसी के क्लब में शामिल हुए लेवांडॉस्की लीग में 100 गोल करने वाले तीसरे फुटबॉलर




**पोलैंड।** पोलैंड के स्ट्राइकर राबर्त लेवांडॉस्की का इस सत्र में शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी है। लेवांडॉस्की ने चैंपियंस लीग में बार्सिलोना की ब्रेस्ट पर 3-0 से जीत में दो गोल दागे। इसके साथ ही लीग में लेवांडॉस्की के गोल की संख्या 101 हो गई। वह लीग में सौ गोल करने वाले फुटबालर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनल मेसी के क्लब में शामिल हो गए। रोनाल्डो ने लीग में 140 और मेसी ने 129 गोल किए हैं। इस जीत के साथ बार्सिलोना दूसरे स्थान पर पहुंच गया है और उसके नॉकआउट में पहुंचने की संभावनाएं प्रबल हो गई हैं। लेवांडॉस्की ने पेनाल्टी के जरिए पहला गोल किया और दूसरा उन्होंने पहले हाफ के स्टापेज समय में किया। बार्सिलोना के लिए तीसरा गोल दानी ओल्मो ने दागा।

### हालैंड के दो गोल, सिटी ने फिर भी खेला ड्रॉ

एर्लिंग हालैंड के दो गोल के बावजूद मैनचेस्टर सिटी ने लीग में फेयनूर्ड के साथ 3-3 से ड्रॉ खेला। सिटी ने पिछले छह मुकाबलों में कोई मैच नहीं जीता है। हालैंड के 24 वर्ष की उम्र में लीग में गोल की संख्या 46 हो गई है। उन्होंने लीग में सबसे कम उम्र में 45 गोल करने के मामले में मेसी को पीछे छोड़ दिया। इल्के गुंडोगन ने सिटी के लिए तीसरा गोल किया। फेयनूर्ड के लिए अनीस मूसा, सेंटियागो जिमिनेज और डेविड हांको ने गोल दागे। एक अन्य मुकाबले में इंटर मिलान ने लिपजिग को 1-0 से हराया। इंटर को आत्मघाती गोल से जीत मिली और वह 13 अंकों के साथ शीर्ष पर है। लीग के अन्य मुकाबलों में बायर्न म्यूनिख ने पेरिस सेंट जर्मेन को 1-0 से हराया। किम मिन जे ने पहले हाफ में बायर्न के लिए विजयी गोल दागा। अटलांटा ने यंग ब्वाएज को 6-1 से हराया। वहीं, आर्सेनल ने स्पोर्टिंग लिस्बन को 5-1 से रौंद दिया। जर्मनी के क्लब बायर लेवरकुसेन ने फ्लोरियन विट्र्ज के दो गोल की बदौलत साल्जबर्ग को 5-0 से परास्त किया। एसी मिलान ने स्लोवान ब्राटिस्लावा को 3-2 से हराया। एटलेटिको मेड्रिड ने स्पार्टा प्राग को 6-0 से रौंद दिया।

# पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

## लखनऊ में सैयद मोदी चैंपियनशिप में इरा शर्मा ने सिंधु को दी कड़ी टक्कर

**लखनऊ।** लखनऊ के बीबीडी स्टेडियम में चल रही सैयद मोदी बैडमिंटन चैंपियनशिप में पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। दोनों खिलाड़ियों ने गुरुवार को खेले गए मुकाबले में जीत दर्ज की।

पीवी सिंधु को इरा शर्मा ने कड़ी टक्कर दी। पहले सेट में पीवी सिंधु के जीतने के बाद इरा ने दूसरे सेट में वापसी की। वही, लक्ष्य सेन ने पूरे मैच के दौरान इजराइली खिलाड़ी डेनिल डूबोवेनको पर बढ़त बनाकर उसे हराया है। महिला डबल्स में अश्वनी पोनप्पा और तनिशा क्रिएसटो ने ताइवान की सू यू चेन और ईएन की जोड़ी के खिलाफ 21-19,8-21 और 21 -12 से हराया है। प्रियांशू रजावत ने वियतनाम के खिलाड़ी ली डू फट को 21-15,21-8 के अंतर से हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की है।




### महिला एकल में इन खिलाड़यों ने दर्ज की जीत

सीनियर लेवल में पीवी सिंधु ने इरा शर्मा को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-10, 12-21, 21-15 से हराया। भारत की उन्नति हुड्डा ने थाईलैंड की पोर्नपिचा चोइइकेवांग को 21-18, 22-20 से हराकर उलटफेर के साथ अगले दौर में जगह बनाई। अमेरिका की इशिका जायसवाल ने आठवीं वरीय म्यांमार की थेट हटर थजार को तीन गेम तक चले मुकाबले में 11-21, 21-19, 21-17 से हराया। चीन की डी.वांग ने भारत की देविका सिहाग को 21-14, 21-15 से हराया। भारत की श्रीयांशी वाली शेट्टी ने उलटफेर करते हुए दूसरी वरीय भारत की मालविका बंसोड को 21-12, 21-15 से हराया।

### इन खिलाड़ियों ने पुरुष एकल में दर्ज की जीत

आठवीं वरीय भारत के आयुष शेट्टी ने मलेशिया के जस्टिन होह को 21-12, 21-19 से हराया। भारत के शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने इजरायल के डेनियल डुबोवेंको को 21-14, 21-13 से हराया। पुरुष युगल में भारत के ईशान भटनागर व शंकर प्रसाद उदयकुमार को चौथी वरीय चीन के कुई हे चेन व पेंग जियान किन के खिलाफ वाकओवर मिला।

# टीम इंडिया से मिले ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री

## विराट कोहली के पर्थ टेस्ट शतक की तारीफ की

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर है। जहां दोनों टीमों के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेली जा रही है। वहीं इसका पहला टेस्ट मैच पर्थ में खेला जा चुका है जिसे भारत ने जीत लिया। वहीं दोनों टीमों के बीच 6 दिसंबर से दूसरा मैच खेला जाएगा लेकिन इससे पहले टीमें पिंक बॉल टेस्ट की तैयारी करेंगी। फिलहाल, टीम इंडिया कैनबरा पहुंची और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज से मिली। जहां ऑस्ट्रेलियाई पीएम ने विराट कोहली की तारीफ की।



इस दौरान ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने भारतीय खिलाड़ियों की तारीफ की और उनसे काफी बातचीत की। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें पीएम एंथोनी अल्बानीज भारतीय पेसर जसप्रीत बुमराह, विराट कोहली और अन्य खिलाड़ियों से मिल रहे हैं। इस दौरान विराट और अल्बानीज के बीच जो बातचीत हुई वह काफी मजेदार थी।

अल्बानीज ने विराट को देखा तो उनसे हाथ मिलाया और हाल चाल पूछआ। इसके बाद ऑस्ट्रेलियाई पीएम बोले कि, पर्थ में आपने शानदार सेंचुरी जड़ी। मानो उस समय हम पर्याप्त कष्ट नहीं झेल रहे थे। ये वाकई में शानदार था। इस पर विराट कहते हैं कि आप इसमें मसाला लगा रहे हैं। कोहली ने पर्थ में अपने टेस्ट करियर की 30वीं सेंचुरी ठोकी और इंटरनेशनल क्रिकेट में 81वां शतक जड़ा। वहीं प्रोफेशनल क्रिकेट में उनके शतकों की संख्या 100 हो चुकी है। वे दूसरे ऐसे बल्लेबाज हैं जिन्होंने ये मुकाम प्रतिस्पर्धा क्रिकेट में हासिल किया है। सचिन तेंदुलकर एकमात्र बल्लेबाज हैं जिन्होंने प्रोफेशनल क्रिकेट में 100 से ज्यादा शतक जड़े हैं।

# भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी अभिषेक का बयान, पढ़ाई से बचने के लिए उठाई हॉकी



**नई दिल्ली।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता फारवर्ड अभिषेक ने पढ़ाई से बचने के लिए हॉकी खेलना शुरू किया था लेकिन उन्हें इस फैसले पर कभी पछतावा नहीं हुआ क्योंकि इस खेल ने उन्हें पहचान, स्टारडम और वह सब कुछ दिया जो वह जिंदगी में पाना चाहते थे। अभिषेक ने हालांकि पत्राचार के माध्यम से अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी करने में कामयाबी हासिल की, लेकिन इस खिलाड़ी को पता था कि हमेशा से पता था कि खेल से उन्हें बेहतर उद्देश्य मिलेगा।

पेरिस ओलंपिक में भारत के कांस्य पदक जीतने के अभियान में अहम योगदान निभाने वाले अभिषेक ने कहा, मैंने 11 या 12 साल की उम्र में हॉकी खेलना शुरू किया था ।सोनीपत में इसके अलावा मेरे पास कोई और विकल्प नहीं था।

उन्होंने कहा, मेरा एक दोस्त हॉकी खेलने के लिए काफी यात्रा करता था। मुझमें कभी पढ़ाई करने का धैर्य नहीं था और जब मैंने देखा कि मेरे दोस्त को हॉकी में व्यस्त होने के कारण स्कूल कम आना होता है, तो मैंने सोचा कि अगर मैं भी हॉकी खेलना शुरू कर दूं तो मैं भी ऐसा ही कर सकता हूं। हांगझोऊ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम के इस सदस्य ने कहा कि वह पुर्तगाल के दिग्गज फुटबॉल खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो और उनके काम करने के तरीके के बड़े प्रशंसक है। उन्होंने कहा, मैं रोनाल्डो का बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। उनके मैदान के बाहर की दिनचर्या, उनका अनुशासन, खान-पान की आदतें... मैं उनके वीडियो देखता हूं और उन्हें (आदतों को) अपनी दिनचर्या में शामिल करने की कोशिश करता हूं। अभिषेक ने कहा कि उनका लक्ष्य हॉकी स्वर्ण पदक जीतना है। उन्होंने कहा,मेरा लक्ष्य भारतीय हॉकी के स्वर्ण युग को पुनर्जीवित करना है। हमने ओलंपिक में पदक जीतने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, लेकिन स्वर्ण युग अभी हासिल नहीं हुआ है। यही मेरा लक्ष्य है। अभिषेक फिर से शुरू हो रही हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की नीलामी में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह (78 लाख रुपये) के बाद दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी रहे। उन्हें श्राची रार बंगाल टाइगर्स ने 72 लाख रुपये में खरीदा था। यह उनका पहला एचआईएल अनुभव होगा और उम्मीद है कि वह इस टूनामेंट को लेकर उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, यह अंतरराष्ट्रीय मैचों से अलग अनुभव होगा। एचआईएल भारतीय हॉकी के लिए भी एक बड़ी बात होने जा रही है क्योंकि हमें लीग में बहुत सारे खिलाड़ियों से मिलने का मौका मिलेगा। आईपीएल ने रास्ता दिखाया है क्योंकि वह भारतीय क्रिकेट के लिए नये खिलाड़ियों को तैयार कर रहा है। एचआईएल भी राष्ट्रीय टीम की मदद करेगा। उन्होंने कहा, इससे बहुत फर्क पड़ेगा। हमारी एचआईएल टीम में बेल्जियम और जर्मनी के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हैं। एचआईएल के दौरान उनके साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना और खेल से जुड़ी जानकारी प्राप्त करना बहुत महत्वपूर्ण होगा। हम उनसे छोटी-छोटी बातें सीखेंगे।

अभिषेक लीग के दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी है लेकिन उन्होंने कहा कि वह दबाव लेने की जगह इसका लुत्फ उठायेंगे। उन्होंने कहा, जिम्मेदारी तो होगी (लेकिन) मैं कोई दबाव नहीं लेना चाहता। मैं अपना खेल खेलूंगा। अगर मैं दबाव लूंगा तो अपना शत प्रतिशत नहीं दे पाऊंगा। मैं बस अपने खेल का लुत्फ उठाने की कोशिश करूंगा।

# पहले टेस्ट में श्रीलंका 42 रन पर ऑलआउट 5 बैटर जीरो पर आउट; साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन ने 7 विकेट लिए

**डरबन।** साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट में श्रीलंका टीम महज 42 रन पर ऑलआउट हो गई। 5 बैटर खाता भी नहीं खोल सके और टीम ने 13.5 ओवर में अपने 10 विकेट गंवा दिए। साउथ अफ्रीका से लेफ्ट आर्म पेसर मार्को यानसन ने 7 विकेट लिए। डरबन के किंग्समीड स्टेडियम में श्रीलंका ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी थी। बुधवार को साउथ अफ्रीका ने खेलना शुरू किया, टीम 191 रन बनाकर ऑलआउट हुई। इस तरह उन्हें पहली पारी में 149 रन की बढ़त मिली।

साउथ अफ्रीका से बावुमा ने फिफ्टी लगाई पहले दिन साउथ अफ्रीका ने 80 रन पर 4 विकेट गंवा दिए थे। फिर बारिश होने लगी, जिस कारण खेल रोका गया। दूसरे दिन टीम से कप्तान टेम्बा बावुमा ने 70 रन बनाए। उनकी पारी की मदद से साउथ अफ्रीका ने 191 रन का स्कोर बना दिया। केशव महाराज ने 24, मार्को यानसन ने 13, कगिसो रबाडा ने 15 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 16 रन बनाए।




बाकी बैटर्स 10 रन से ज्यादा नहीं बना सके। श्रीलंका से असिथा फर्नांडो और लहिरु कुमारा ने 3-3 विकेट लिए। 2-2 विकेट विश्वा फर्नांडो और प्रबाथ जयसूर्या को मिले। 14 ओवर भी बैटिंग नहीं कर सका श्रीलंका पहली पारी में श्रीलंका की टीम 14 ओवर भी बैटिंग नहीं कर सकी। टीम ने तीसरे ओवर में पहला विकेट गंवाया और 14वें ओवर की पांचवीं बॉल पर 10वां विकेट भी गिर गया। लहिरु कुमारा ने 10 और कमिंडु मेंडिस ने 13 रन बनाए।

दिनेश चांदीमल, कुसल मेंडिस, प्रबाथ जयसूर्या, विश्वा फर्नांडो और असिथा फर्नांडो खाता भी नहीं खोल सके। एंजलो मैथ्यूज ने 1, दिमुथ करुणारत्ने ने 2 और पथुम निसांका ने 3 रन बनाए। साउथ अफ्रीका से मार्को यानसन ने 7 विकेट लिए। जेराल्ड कूट्जी ने 2 और कगिसो रबाडा ने 1 विकेट लिया। श्रीलंका का सबसे छोटा टेस्ट स्कोर टेस्ट क्रिकेट में यह श्रीलंका का सबसे छोटा स्कोर है, इससे पहले 1994 में टीम पाकिस्तान के खिलाफ 71 रन पर ऑलआउट हुई थी।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ यह किसी भी टीम का सबसे छोटा स्कोर भी रहा, इससे पहले 2013 में न्यूजीलैंड टीम केपटाउन में 45 रन ही बना सकी थी। साउथ अफ्रीका में यह तीसरा सबसे छोटा स्कोर रहा, इससे पहले होम टीम 30 और 35 रन पर सिमट चुकी है। डब्लूटीसी फाइनल के लिए जरूरी सीरीज श्रीलंका और साउथ अफ्रीका दोनों के ही वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें बाकी हैं। श्रीलंका को बचे हुए 4 में से 3 टेस्ट जीतने हैं, जबकि साउथ अफ्रीका को बचे हुए चारों मैच जीतने होंगे। साउथ अफ्रीका को पाकिस्तान और श्रीलंका को ऑस्ट्रेलिया से 2-2 टेस्ट और खेलना हैं।

# बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी- ब्यू वेबस्टर ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल

**ऑस्ट्रेलिया।** ऑलराउंडर मिचेल मार्श के पूरी तरह फिट नहीं होने के कारण ऑस्ट्रेलिया ने तस्मानिया के ऑलराउंडर ब्यू वेबस्टर को टीम में शामिल किया है। वेबस्टर स्पिन और मीडियम पेस गेंदबाजी के साथ बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। 30 साल के वेबस्टर ने कहा- 'मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ (ऑस्ट्रेलिया ए के लिए) कुछ रन और विकेट हासिल करना सुखद रहा। जब भी आप ए टीम के लिए खेलते हैं, तो यह टेस्ट से एक लेवल नीचे होता है। न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ मैच के बाद बेल्स (मेंस सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष जॉर्ज बेली) का फोन कॉल आना मेरे लिए एक गौरवपूर्ण क्षण था। मैं टीम से जुड़ने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं।'



वेबस्टर ने इंडिया-ए के खिलाफ अनऑफिशियल टेस्ट की चार पारियों में दो बार नाबाद रहते हुए 145 रन बनाए थे। साथ ही सात विकेट भी लिए थे। इतना ही नहीं, उन्होंने सिडनी में शेफील्ड शील्ड में न्यू साउथ वेल्स के खिलाफ 61 और 49 के स्कोर बनाए थे और 5 विकेट भी झटके थे।

पर्थ टेस्ट के बाद दर्द में थे मिचेल मार्श वेबस्टर को ऑलराउंडर मिचेल मार्श के विकल्प के तौर पर ऑस्ट्रेलियाई टीम में चुना गया है। पर्थ टेस्ट के बाद मार्श की मांसपेशियों में खिंचाव था। मार्श की चोट पर ऑस्ट्रेलिया के हेड कोच एंड्रयू मैक्डोनाल्ड ने कहा था- 'मार्श की फिटनेस पर थोड़ा संदेह है।' ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने भी मार्श की फिटनेस पर चिंता जताई थी। अगर मार्श पर्थ टेस्ट में दस से अधिक ओवर गेंदबाजी करने के बाद एडिलेड गेम के लिए समय पर ठीक नहीं हो पाते हैं, तो वेबस्टर के पास ऑस्ट्रेलिया के 468वें पुरुष टेस्ट क्रिकेटर बनने का मौका होगा।

# नोएडा प्राधिकरण के सीईओ ने लिया एक्शन

## डीजीएम को नोटिस, एसएम को प्रतिकूल प्रविष्टि और दो का रोका वेतन

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में प्रदूषण के चलते ग्रेप-4 लागू है। लेकिन सेक्टर-146 व 147 के बीच एप्रोच रोड का काम इससे पहले से बंद है। निरीक्षण के दौरान नोएडा प्राधिकरण के सीईओ को ये जानकारी मिली। मौके पर न तो कोई विशेष मशीनरी थी और न निर्माण सामग्री। यहां बनाई गई रिटेनिंग वॉल में हनि कॉबिंग मिली। यही नहीं वॉल एक सीध में नहीं बनी थी। सीईओ ने एक्शन लेते हुए डीजीएम को नोटिस देते हुए जवाब मांगा है। सर्किल-10 के वरिष्ठ प्रबंधक को प्रतिकूल प्रविष्टि प्रबंधक और अवर अभियंता का वेतन रोकने के निर्देश दिए।



### ये है परियोजना

दरअसल, नोएडा और ग्रेटरनोएडा को जोड़ने के लिए सेक्टर-146 व सेक्टर-147 के बीच से एक लिंक बनाया जा रहा है। ये लिंक रोड ग्रेटरनोएडा में एलजी चौक तक है। ये लिंक नोएडा और ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण की ओर से बनाया जा रहा है। ऐसे में हिंडन ब्रिज से नोएडा की ओर 45 मीटर चौड़ी एप्रोच रोड बनाई जा रही है। सीईओ लोकेश एम ने इसका निरीक्षण किया।

### इन सेक्टरों को होगा लाभ

इस लिंक के बनने से औद्योगिक सैक्टर-151, 153, 154, 155, 156, 157, 158, 159, 160 एवं 162 में विकसित की जा रही औद्योगिक इकाइयों में आवाजाही सुगम होगा। जिससे औद्योगिक गतिविधियों में तीव्रता आएगी। वर्तमान में उक्त परियोजना का लगभग 32 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसको अगस्त 2025 तक पूर्ण किए जाने का लक्ष्य है।

### न मशीनरी और निर्माण सामग्री

निरीक्षण के दौरान अवगत कराया गया कि वर्तमान में ग्रैप स्टेज-4 लागू है। ऐसे में कार्य पूरी तरह से बंद है। लेकिन निरीक्षण में साफ दिख रहा था कि साइट पर कार्य काफी समय से बंद है। क्योंकि कार्य स्थल पर न तो कोई विशेष मशीनरी उपलब्ध थी और स्थल पर निर्माण सामग्री की उपलब्धता भी नहीं थी। इसके अलावा अन्य कमियां मिलने पर प्राधिकरण ने डीजीएम समेत अन्य अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लिया।

# व्यापारी को अगवा करने वाला गिरफ्तार

**डेढ़ महीने पहले कार सवारों ने उठाया था, मोबाइल लोकेशन से पुलिस ने पकड़ा**



**मोदीनगर करंट क्राइम।** मोदीनगर पुलिस ने व्यापारी को अगवा कर यातनाएं देने वाले दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना डेढ़ माह पहले की है, जब व्यापारियों की टशनबाजी में निखिल नामक व्यापारी को अगवा कर रातभर यातनाएं दी गई थीं। आरोपियों ने सुबह गंभीर रूप से घायल निखिल को दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित नमो भारत ट्रेन के दक्षिण स्टेशन के पास फेंक दिया था।

एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों की पहचान भरतवीर (संतपुरा निवासी) और सुमित सुनार (सी लाइन, महेंद्रपुरी निवासी) के रूप में हुई है। पुलिस ने कार के नंबर के आधार पर आरोपियों को ट्रेस किया। घटना के बाद से आरोपी फरार चल रहे थे।

### पुलिस ने कैसे सुलझाया मामला?

पुलिस ने घटना के कई दिन बाद भरतवीर और सुमित के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की थी। कार के नंबर की मदद से आरोपियों को ट्रेस कर गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि यह घटना व्यापारियों के बीच टशनबाजी के कारण हुई। गिरफ्तारी के बाद निखिल के परिजनों ने राहत की सांस ली है। हालांकि, उन्होंने आरोपियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की है ।यह घटना स्थानीय प्रशासन के लिए एक चेतावनी है कि अपराधियों के खिलाफ त्वरित और सख्त कदम उठाए जाएं। अब सभी की नजर इस पर है कि न्याय प्रक्रिया कैसे आगे बढ़ती है।

11 अक्टूबर की रात सिखैड़ा मार्ग स्थित अंबेडकर नगर कॉलोनी निवासी निखिल, जो कपड़े की दुकान चलाते हैं, दोस्त की बहन की शादी से लौट रहे थे। नमो भारत ट्रेन के दक्षिण स्टेशन के पास, नशे में धुत कार सवार युवकों ने उन्हें रोककर बाइक से उतार लिया और कार में डालकर अगवा कर लिया। रातभर निखिल को यातनाएं दी गईं। सुबह गंभीर हालत में उन्हें सड़क पर फेंक दिया गया। स्थानीय लोगों ने निखिल को मेरठ अस्पताल में भर्ती कराया। इस घटना से परिजनों में आक्रोश फैल गया और उन्होंने थाने पर प्रदर्शन कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की।




### अजी उसने तो बांटी थी शराब मगर फिर भी रिजल्ट रहा खराब

फूल वाले इलेक्शन में कैलकुलेशन टोटल वोट का लेकर चल रहे थे और दूसरी तरफ बोतल का हिसाब भी लगाया गया था। कमाल ये है कि वो ना बांटने की कसम भी खा रहे हैं और पीने पिलाने का हिसाब भी लगा रखा है। बिरादरी वाले कह रहे हैं कि अजी पिलाई होगी उसने उस पार वालों को हमें तो कतई भी ना पूछा उसने। वो कह रहे है कि फिर वोट भी पल्ली पार वालों से ही ले लेता वो। बिरादरी बिरादरी का भी गीत गाया और शराब भी बांट आया लेकिन उसका समाज फिर भी वोट देने नही आया। कहने वाले ने कह भी दिया कि तजुर्बा धोखा दे गया वरना वो इंसान तो भले हैं और कराये लोगो के उन्होने तर गले हैं। मगर उन्हे मौहल्ले के चुनाव का अनुभव था और ये वाला चुनाव ऐसे ऐसे कई मौहल्ले मिलाकर विधानसभा का था और केवल लाईनपार का चुनाव नही था ये तो लाईन के इस पार का भी चुनाव था। मुझे लगता है बांटने में चूक हो गई उनसे।

### वो करेगें उपकार हमने दिये थे इकटठे कर के फुल 70 हजार

फिर से चुनाव का गर्दा उड़ रहा है और कई बातों से पर्दा उठ रहा है। जिन बातों को लेकर मौहल्ले के केसरिया अब तक कूल थे अब उन्हे ही बात को ओपन करने की चूल उठ गई है। अभी नही तो कभी नही के नारे के साथ वो डट गये हैं। बवडंर तो होना ही हैं और सुना है कि इलेक्शन के आब्लीगेशन के एवज में टिकट हिमायत की इच्छा की जा रही है। मौहल्ले वाले ही बता रहे हैं कि देवतुल्यों ने उनके चुनाव में उपकार किये थे और भाईसाहब आपस में कलेक्शन करकें इलेक्शन के लिये पूरे 70 हजार दिये गये थे। अब आप ही बताओं कि जब हजार में हम है तो उनके उपकार में भी तो हमारा नाम होना चाहिये। हम तो सिर्फ इतना कह रहे हैं कि आप फूल का टिकट हमें दिलवा दो फिर पोस्टर बैनर वोट नोट सब हम अपने आप कर लेगें और हां जीत कर भी आयेगें। वैसे विधायक जी के सामने जब हमारा नाम आयेगा तो उन्हे ये 70 तो जरूर याद आयेगें।

### ये कैसे थे सूरमा नाराज जो पहले दिन से करने लगे जिन्दाबाद

इस बार पंजाबी समाज ने पहले दिन से ही आवाज उठाई कि भगवा उम्मीदवार पंजाबी होना चाहिये । चैनल शुरू हो गया और हैंडपंप वाले सरदार जी ने भी इस मुददे को लेकर पूरी पालिटिकल जंप लगाई। टिकट घोषित हो गया तो किसी ने खुद को फूल वालों का जाटव बता दिया तो किसी ने कहा कि हम तो कीर्तन मडंली खोल ले तो सही। मगर कमाल ये था कि वो गुड़ भी खा रहे थे और गुलगुलों से परहेज भी कर रहे थे। पहले दिन से वहीं जाकर बैठ गये और हवन की स्वाहा से लेकर मंच के भाषण तक फुल वाह वाह भी कर रहे थे। सरदार जी का भी मूड ऑफ हुया लेकिन जब हैलीपैड पर बाबा के साथ फोटो हो गया तो वो भी हैप्पी हो गये। इस पूरी एकजुटता को आब्जर्व कर रहे रिजर्व नेजर के नेता ने कहा कि इन्हे कौन सीरियस लेता जब ये खुद ही खुद को सीरियस नही ले रहे थे। वो नाराज भी थे और जिन्दाबाद जिन्दाबाद भी कर रहे थे।

# नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद में अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम क्रियो-2024 का रंगारंग आगाज



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेहरू वर्ल्ड स्कूल गाजियाबाद में गुरुवार को अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम क्रियो-2024 (सांस्कृतिक उत्सव) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ स्कूल के एग्जीक्यूटिव हैड़ टीचर सुसन होम्स, निदेशक के०पी० सिंह व निर्णायक मंडल के सदस्यों की उपस्थिति में हुआ। हैड टीचर सुसन होम्स ने कहा, आज मैं सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व विद्यालयों का स्वागत व आभार व्यक्त करना चाहती हूँ, जिन्होंने इस आयोजन में हिस्सा लिया। लगभग महीने भर चलने वाले इस उत्सव को ऑनलाइन व ऑफलाइन व रिकोर्डिड वीडियो के माध्यम से आयोजित किया गया। रिकोर्डिड वीडियो 11 नवम्बर तक आमंत्रित की गई। ऑनलाइन प्रतियोगिताएं 25 से 27 नवंबर, 24 तक अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय पर सम्पन्न हुई, जबकि ऑफलाइन प्रतियोगिताएं 28 से 30 नवंबर, 2024 तक विद्यालय के प्रांगण में आयोजित की जाएंगी।

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले स्कूल हैं- सोमरविले स्कूल नोएडा, सेठ आनन्दराम जयपुरिया, खेतान पब्लिक स्कूल, प्राइवेट इंटरनेशनल स्कूल आबूधाबी, डी० एल० एफ० स्कूल, न्यू ऐरा पब्लिक स्कूल, जी०डी० गोयनका, सिल्वर बेल्स स्कूल, द डी० पी० एस० जी० वसुंधरा, डी० पी० एस० पटना, छबीलदास, सालवान पब्लिक स्कूल, न्यू रेनबो पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर स्कूल, बालभारती पब्लिक स्कूल, परिवर्तन स्कूल, सेंट जेवियर हाई स्कूल, कैम्ब्रिज स्कूल, गौर इंटरनेशनल, इंद्रप्रस्थ ग्लोबल नोएडा, लोटस वैली नोएडा, कोठारी इंटरनेशनल नोएडा, ऐलन हाउस वसुंधरा, ऋषिकुल स्कूल सोनीपत, सफायर स्कूल नोएडा आदि। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अरुणाभ सिंह ने कहा कि इस प्रकार कार्यक्रमों का उद्देश्य किशोर पीढ़ी को वो मंच प्रदान करना है।

# टाटा मैजिक ने मासूम को रौंदा, मौत

## घर के बाहर खेल रहा था, टक्कर लगने से पहिए के नीचे आ गया

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** टाटा मैजिक से कुचलकर साढ़े 3 साल के बच्चे की मौत हो गई। घटना का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जिसमें बच्चा गली में घर के दरवाजे पर खेलते दिखाई दे रहा है। तभी स्पीड में एक कार आती है। जिसके बाद बच्चा गाड़ी के आगे की तरफ भागने लगता है। इस दौरान वह गाड़ी के नीचे आ जाता है। उसके ऊपर से गाड़ी गुजर जाती है। बाद में उसकी मौत हो जाती है। घटना गुरुवार को लालकुआं इलाके की है।

### मंगल बाजार वाली गली की है घटना

मैनपुरी के रहने वाले पिंटू गाजियाबाद के लालकुआं के पास मंगल बाजार वाली गली में किराए पर परिवार के साथ रहते हैं। वह प्राइवेट जॉब करते हैं। आज दोपहर में काम से बाहर गए थे। पत्नी घर के अंदर थी। उनका बेटा आरव घर के बाहर दरवाजे पर खेल रहा था। तभी एक टाटा मैजिक आती है। जिसके बाद बच्चा उसके आगे दौड़ने लगता है। उसके बाद टक्कर लगते ही वह जमीन पर गिर जाता है। टाटा मैजिक उसके ऊपर से निकल जाती है। ये पूरी घटना 5 सेकेंड की है। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।



### सीसीटीवी फुटेज से आरोपी की तलाश

बच्चे को पहिए के नीचे आते देख गली में मौजूद एक व्यक्ति उसे बचाने के लिए दौड़ता है तब तक उसकी मौत हो जाती है। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची और घटना की जानकारी ली। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस आरोपी ड्राइवर और गाड़ी की तलाश कर रही है।

# लाइन शिफ्टिंग करते युवक को लगा करंट

**हापुड़, करंट क्राइम।** हापुड़ में मेरठ-बुलंदशहर हाईवे पर सड़क चौड़ीकरण के दौरान बिजली लाइन शिफ्ट करने का काम कर रहे एक युवक को करंट लगने से झुलस गया। युवक को आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत सामान्य बताई जा रही है। वहीं, इस घटनाक्रम का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें युवक बिजली के खंभे पर लटका हुआ नजर आ रहा है। गुरुवार को बुलंदशहर रोड स्थित स्टेट बैंक के पास बिजली विभाग द्वारा लाइन शिफ्ट की जा रही थी। इस दौरान एक कर्मचारी खंभे पर चढ़कर काम कर रहा था, तभी अचानक करंट उतर आया और वह झुलस गया। यह देख आसपास काम कर रहे अन्य कर्मचारियों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और उसे खंभे से उतारने की कोशिश की। इसके बाद उसे तुरंत अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी हालत सामान्य है।




## अब किसको मिलेगा नंबर वन का टैग

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद के दो वर्ष पूरे होने के बाद फिर एक बार तबादला लिस्ट जारी होने का सिलसिला शुरू हो गय है। इसी कड़ी में आई एक लिस्ट में गुरुवार को एसीपी स्तर के एक अधिकारी का पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद से पश्चिम के एक जिले में तबादला हो गया है। जिस एसीपी का पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद से तबादला हुआ है उनको यहां तीन वर्ष से अधिक का समय हो गया था और वह पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद एसीपी नंबर वन के टैग से पहचान रखते थे।



उनके तबादले के बाद जहां पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में नदिया पार जोन का सर्किल खाली होगा। तो वही बड़ा सवाल यह है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में एसीपी नंबर वन का टैग किसको मिलेगा। सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद में अपनी लंबी पारी खेलने वाले एसीपी साहब देहात से लेकर नदियापार के इलाके में क्राइम कंट्रोल के लिए पहचान बनाकर रखी। उन्होंने ताबड़तोड़ घटनाओं के खुलासे से लेकर ऑपरेशन लंगड़ा और अन्य कई प्रमुख खुलासों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बनने के बाद हुआ फुल एनकाउंटर भी उनके लिए अलग पहचान रखता है। तो वहीं अपनी विवेचनाओं और लगातार एक्शन वाली कार्रवाई करने के लिए वह पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में पहचान बना कर गए हैं। उनके द्वारा कई महत्वपूर्ण खुलासे और वर्किंग का लोड ना लेकर वर्क को कॉन्फिडेंस के साथ करना उनकी पहचान था। इस दौरान नदिया पार में रहते हुए सैकड़ो वीवीआईपी मूवमेंट भी उनकी देखरेख में सकुशल संपन्न कराए गए हैं। हिंदी की बेहतर जानकारी के साथ अधिकारियों से तालमेल का उनका नाता रहा और यहीं कारण है कि वो तीन साल की लंबी पारी के दौरान वह किसी विवाद वाले कांड में नहीं आए। वहीं पुलिस कमिश्नरी टीम का प्रमुख हिस्सा रहे, तो क्राइम कंट्रोल उनका वर्किंग स्टाइल रहा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इन दिनों चर्चा शुरू हो गई है कि एसीपी नदिया पार के जाने के बाद अब पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में अगला एसीपी नंबर कौन बनेगा और क्या वह इतनी सफल पारी खेल पाएगा, जितनी एसीपी साहब ने खेली थी, देखना होगा।

# हापुड़ में 254 जोड़ो का होगा समूह विवाह

**हापुड़, करंट क्राइम।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हापुड़ जिले में 254 जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराने की तैयारी जोरों पर है। इसके लिए 129.54 लाख रुपये का बजट स्वीकृत किया गया है। योजना का उद्देश्य विभिन्न वर्गों की बेटियों के विवाह में सहायता प्रदान करना है। अफसर जल्द आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुट गए हैं। इस योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य और अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र परिवारों को मिलेगा। इसके लिए पात्रता निर्धारित की गई है कि परिवार की वार्षिक आय दो लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही, कन्या की आयु 18 वर्ष और वर की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवकुमार ने बताया कि योजना के तहत दी जाने वाली सामग्री की खरीद के लिए 23 नवंबर को ई-टेंडर पोर्टल पर प्रक्रिया शुरू की गई। 30 नवंबर को टेंडर खोलकर सामग्री क्रय की जाएगी। इसके बाद सामूहिक विवाह के आयोजन की तिथि तय की जाएगी।

# केडीपी ग्रैंड सवाना में मनाया गया 75वां संविधान दिवस



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** 75वां संविधान दिवस (राष्ट्रीय महापर्व) 26 नवंबर 2024 को तरुण कुमार व एओए के माध्यम से केडीपी ग्रैंड सवाना राज नगर एक्सटेंशन गाज़ियाबाद में बड़े ही हर्ष के साथ सम्पन्न हुआ जिसमें बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे जिसमें मालती क्लास 1 आफिसर (डीआरडीओ) डॉ. प्रियंका सिंह (साइकोलॉजीसट), आरपीएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश गौतम, भारतीय बहुजन महासभा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष राकेश कुमार, अनिल कल्याणी जी महानगर अध्यक्ष एसी/एस टी प्रकोष्ठ गाज़ियाबाद, संजीव कुमार जी (हि०यू०वा०), एड विपिन कुमार (आरपीएस), एड मोनू सेठी (आरपीएस), एड बबलू भारती (आरपीएस), एड प्रवेश मोहन (आरपीएस), एड धर्मवीर सिंह (आरपीएस), एड प्रवीण कुमार (आरपीएस), एम के मुखिया (समाज सेवी), निर्मेश त्यागी, सतीश बाबू, नरेश कुमार, ब्रह्मदेव सिंह, पुरुषोत्तम, आर पी पुष्कर व मुख्य अतिथि के रूप में धर्मपाल सिंह एस एच ओ थाना नन्द ग्राम आदि लोग शामिल हुए और अपने-अपने विचार व्यक्त किए।

**हमारा प्रयास, हर घर हो आबाद:पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय**

# सरकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए लगाया गया कैंप




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 झंडापुर के पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय के कार्यालय पर सरकार की नीतियों और योजनाओं को जनता तक पहुंचाने के लिए कैंप का आयोजन किया गया। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि कैंप में सरकार द्वारा जारी की गई 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों के लिए आयुष्मान योजना की जानकारी दी गई।

विधवा पेंशन योजना के तहत 10 परिवारों को पेंशन योजना के फार्म भरावाए गए। सुकन्या सुमंगलम योजना जिसके तहत लगभग डेढ़ सौ बच्चियों लाभ दिलाने के लिए कार्यवाही करते हुए ऑनलाइन फॉर्म भरवाए गए।

पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि वार्ड में समय-समय पर सरकार द्वारा जारी की गई योजनाओं की जानकारी आम जनता तक पहुंचाने एवं उनके फार्म भरवाने का कार्य किया जाता है। हमारा प्रयास है कि क्षेत्र की जनता को अधिक से अधिक सरकारी योजनाओं का लाभ मिले और यह प्रयास अनवरत जारी रहेगा।

# वाहन चोर गिरफ्तार

## चोरी के 4 वाहन बरामद



**लोनी करंट क्राइम।** पुलिस ने दो अंतर्राज्यीय वाहन चोर गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की तीन बाइक और एक स्कूटी बरामद की है। आरोपी चोरी के वाहनों को फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर सस्ती दर पर बेच देते थे। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि गुरुवार सुबह गढी कटैया कट के पास से वाहन चोर हारिश उर्फ बटला तथा सैफ को गिरफ्तार किया गया है। हारिश नंदनगरी दिल्ली तथा सैफ लोनी की खन्ना नगर कॉलोनी का रहने वाला है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की तीन बाइक तथा एक स्कूटी बरामद हुई है। दोनों दिल्ली एनसीआर से वाहन चोरी कर लेते थे तथा उन पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर सस्ती दर पर बेच देते थे। आरोपी शातिर चोर हैं तथा उनके विरुद्ध विभिन्न थानों में आधा आधा दर्जन से अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

# थप्पड़ का बदला लेने के लिए मासूम का अपहरण

## गला दबाया, मरा समझ छोड़कर भागा, फिर 4 दिन तक पुलिस के साथ घूमता रहा

**नोएडा करंट क्राइम।** नोएडा में थप्पड़ का बदला लेने के लिए युवक ने 6 साल के बच्चे का अपहरण किया। गाजियाबाद के हिंडन एयरपोर्ट के पास नागगेट की झाड़ियों में ले जाकर उसका गला दबा दिया। मरा समझकर झाड़ियों में छोड़कर फरार हो गया।

इसके बाद वापस बच्चे के माता-पिता के पास आया। पुलिस के साथ बच्चे की तलाश में शामिल हो गया। पुलिस को शक न हो इसके लिए काम का बहाना बनाकर बिहार चला गया। पुलिस को शक हुआ और आरोपी को गिरफ्तार किया।

### आरोपी को पता चला अंगद नहीं असली पिता

धीरज बिहार चला गया। 2 महीने बाद वापस हरौला लौटकर आया। इस दौरान अंगद ने धीरज को बताया कि उसकी पत्नी के पूर्व पति प्रेम मेरे बेटे का असली पिता है। प्रेम ने अंगद से बेटे की मांग रखी है। बेटा नहीं देने पर वो कोर्ट जाने की बात कर रहे है। धीरज को जैसे ही ये बात पता चली। उसने प्लान बनाया कि यदि वो अंगद के बेटे को मार देता है, तो एफआईआर में प्रेम अंगद का नाम डालेगा। जिससे अंगद जेल चला जाएगा। मेरा बदला पूरा हो जाएगा।



### 17 नवंबर को किया था अपहरण

17 नवंबर को अंगद और उसकी पत्नी काम पर चले गए। इस दौरान धीरज बालक को अकेला पाकर उसे खाने के कुरकुरे दिलाकर घूमाने के बहाने बहला फुसला कर अपने साथ ले गया। वह उसे हरौला से नोएडा मोड व नोएडा मोड से आनंद विहार व आनंद विहार से जीटीबी होते हुए गगन सिनेमा से हिंडन एयरफोर्स गाजियाबाद से आगे नागगेट के पास झाड़ियों में ले गया। वहां उसने एक हाथ से बच्चे का गला दबाया और दूसरे मुंह दबाया। बालक बेहोश हो गया। उसे मरा समझकर वो वहा से वापस आ गया।

### अंगद ने दर्ज कराई एफआईआर

इस बीच अंगद ने बच्चे को तलाशने का प्रयास किया। बच्चा नहीं मिलने पर अंगद ने फेज-1 थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। जिसके बाद दो टीमों का गठन किया गया। इस बीच धीरज भी पुलिस के साथ मिलकर बालक को तलाशने लगा। 4 दिन की तलाश के बाद भी जब बच्चा नहीं मिला, तो धीरज को लगा कही पुलिस उस पर शक न करे। इसलिए काम का बहाना बनाकर वो बिहार चला गया। वहां से बार बार अपनी लोकेशन बदलता रहा।

अंगद ने पुलिस को धीरज के साथ हुए झगड़े की जानकारी दी। पुलिस को शक हुआ। इस बीच धीरज हरौला वापस आया। पुलिस ने उसे पकड़ा। पूछताछ की। धीरज ने बताया कि उसने अपमान का बदला लेने के लिए बच्चे का अपहरण किया। उसे मार दिया। पुलिस धीरज को क्राइम स्पॉट पर लेकर गई। वहां बच्चा नहीं मिला। पूछताछ और बच्चे की फोटो दिखाकर पता किया गया। जानकारी मिली कि 8-9 दिन पहले साहिबाबाद पुलिस बच्चे को लेकर गई। उसका मेडिकल कराया और उसे आश्रम में छोड़ दिया। पुलिस ने बच्चे को रिकवर किया।

# शादी से इंकार के बाद छात्रा को धमकी

## डर के कारण कॉलेज जाना छोड़ दिया चार महीने से कर रहा था पीछा

**मुरादनगर करंट क्राइम।** मुरादनगर की एक कॉलोनी निवासी छात्रा को एक मनचला चार माह से परेशान कर रहा है। शादी ना करने पर छात्रा व परिवार के लोगों को जान से मारने की धमकी दे रहा है। डर के चलते छात्रा ने कॉलेज जाना छोड़ दिया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। आयुध निमार्णी फैक्ट्री परिसर की एक कॉलोनी निवासी एक व्यक्ति परिवार सहित रहते हैं। उनकी पुत्री दिल्ली मेरठ मार्ग स्थित एक कॉलेज में पढ़ाई करती है। छात्रा का आरोप है कि एक युवक चार माह से मेरा पीछा कर रहा है। वह मेरे साथ ई रिक्शा में बैठ जाता और गलत बातें करता है। इतना ही नहीं वह कॉलेज आते जाते समय भी पीछा करता है। इतना ही नहीं आरोपी युवक छात्रा के घर पहुंच गया और परिजनों से कहने लगा कि इसकी शादी मेरे से कर दो ,क्योंकि मैं इससे प्यार करता हूं। इंकार करने पर आरोपी






ने छात्रा व परिजनों को गोली मारने की धमकी दी है। डर के कारण छात्रा ने काफी समय से कॉलेज जाना छोड़ दिया है। पीड़िता ने इस संबंध में मोदीनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी मसूरी सर्किल सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी की तलाश के लिए पुलिस की टीम लगाई गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आग लगने के बाद फैले प्रदूषण से दुनिया में हर साल 15 लाख मौतें

## इसका भारत पर कितना असर? स्टडी में खुलासा

**लंदन।** आग लगने के बाद फैलने वाला वायु प्रदूषण हर साल दुनियाभर में 15 लाख मौतों की वजह बना रहा है। मेडिकल जर्नल लांसेट में छपी एक स्टडी के जरिए यह खुलासा हुआ है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस तरह के मामले सबसे ज्यादा विकासशील देशों में दर्ज किए गए हैं।

स्टडी के मुताबिक, जलवायु परिवर्तन के साथ जैसे-जैसे जंगलों में आग लगने की घटनाएं बारंबार और भीषण होती जाएंगी, वैसे ही मौतों की संख्या भी बढ़ने का खतरा पैदा होता जाएगा। मौजूदा डाटा के आधार पर रिसर्चर्स की अंतरराष्ट्रीय टीम ने इस पर स्टडी की है। इसमें पाया गया कि साल 2000 से 2019 के बीच हर साल आग लगने के बाद फैला प्रदूषण बड़े स्तर पर दिल की बीमारियों का कारण बनता है और इससे 4,50,000 लाख मौतें हो जाती हैं। इसके अलावा पाया गया कि हर साल यही आग से पैदा हुआ प्रदूषण लोगों में सांस की बीमारी का खतरा भी पैदा करता है और 2,20,000 मौतों का कारण बनता है। आग से पैदा हुए प्रदूषण और इसके शरीर पर पड़ने वाले अलग-अलग प्रभावों के कारण दुनियाभर में हर साल 15.3 लाख मौतें होती हैं।

स्टडी में कहा गया है कि इस तरह की 90 फीसदी मौतें निम्न या मध्यम आय वाले देशों में होती है। इनमें 40 फीसदी तो अकेले सहारा रेगिस्तान के करीब पड़ने वाले अफ्रीकी देशों में होती हैं। आग के बाद फैले प्रदूषण से जिन देशों में मौतों का रिकॉर्ड सबसे ज्यादा है, उनमें एक नाम भारत का भी है।





### प्रदूषण के लिए भारत-चीन से मुआवजे की मांग

मिस्र के शर्म अल-शेख में चल रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु शिखर सम्मेलन सीओपी-27 के दौरान भारत और चीन से मुआवजे की मांग की गई है। द्वीपीय देश एंटीगुआ और बारबुडा के प्रधानमंत्री गैस्टन ब्राउन ने कहा, बड़े पैमाने पर प्रदूषण के लिए जिम्मेदार अर्थव्यवस्थाएं, जिनमें चीन और भारत भी शामिल हैं। इन्हें जलवायु परिवर्तन से आने वाली आपदाओं के बाद देशों के पुनर्निर्माण के लिए जलवायु मुआवजा देना चाहिए।

इसके अलावा चीन, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो, इंडोनेशिया और नाइजीरिया में भी इस कारण से सबसे ज्यादा मौतें दर्ज की जाती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत के उत्तरी क्षेत्र में हर साल खेतों को अवैध तरीके से जलाने की घटना सामने आई हैं, जो कि जहरीले स्मॉग का कारण बनता है और हाल ही में इससे दिल्ली की वायु गुणवत्ता भी बेहद खराब और गंभीर की श्रेणी में चली गई थी। लांसेट की स्टडी में इस स्थिति से निपटने और मौतों के बढ़ते आंकड़े को रोकने के लिए तुरंत कदम उठाने की मांग की गई है।


# भारत-जापान में आर्थिक सुरक्षा समेत कई मुद्दों पर हुई वार्ता

## विदेश मंत्रालय ने दी जानकारी

**टोक्यो।** भारत और जापान के बीच सामरिक व्यापार और प्रौद्योगिकी सहित आर्थिक सुरक्षा पर वार्ता का पहला दौर बुधवार को टोक्यो में हुआ। इस दौरान दोनों देशों ने आर्थिक हितों की रक्षा करने और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निकट सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दोनों पक्ष फोकस क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाकर ठोस परिणाम लाने पर सहमत हुए।

बता दें कि भारत-जापान 2+2 मंत्रिस्तरीय बैठक में 20 अगस्त को रणनीतिक व्यापार और प्रौद्योगिकी पर वार्ता की घोषणा की गई थी। टोक्यो में हुई बैठक ने आर्थिक सुरक्षा नीतियों पर विचारों का आदान-प्रदान करने व औद्योगिक और तकनीकी लचीलापन बढ़ाने के साथ-साथ प्रमुख प्रौद्योगिकियों में सहयोग को बढ़ावा देने का अवसर दिया।

**विक्रम मिस्त्री ने जापानी अधिकारी से की मुलाकात :** भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर बुधवार को जापान यात्रा की और जापानी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। जिसके बारे में विदेश मंत्रालय ने बताया कि उनकी यात्रा ने भारत और जापान के बीच मजबूत और स्थायी मित्रता को और मजबूत किया, जो साझा मूल्यों, आपसी सम्मान, आपसी विश्वास और क्षेत्रीय स्थिरता के प्रति प्रतिबद्धता पर आधारित है।



इसके साथ ही मंत्रालय ने एक अन्य बयान में कहा कि इस वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने राजनीति, रक्षा, सुरक्षा, आर्थिक सहयोग और लोगों के बीच संबंधों जैसे मुद्दों पर भी विचार किया।

**दोनों देशों के बीच की साझेदारी :** दोनों देशों ने यह सुनिश्चित किया कि व्यापार और शैक्षणिक साझेदारियों के माध्यम से नीति सुविधा के जरिए आर्थिक हितों की रक्षा की जाए और लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे का निर्माण हो।

इसके साथ ही, उन्होंने साझा हित के क्षेत्रों में कौशल उन्नयन और प्रतिभा विनिमय के तरीकों पर भी चर्चा की।

### इन मुद्दों पर हुई विस्तार से वार्ता

वार्ता के दौरान, आर्थिक सुरक्षा, आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन, और उभरती प्रौद्योगिकियों में सहयोग पर विस्तार से बात की गई। विदेश सचिव ने जापान के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की, जिनमें जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय के उप-मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सचिवालय के उप महासचिव, और मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना के लिए सहयोग की समीक्षा करने के लिए जापान के भूमि, अवसंरचना, परिवहन और पर्यटन मंत्रालय के उप-मंत्री भी शामिल थे।

# हांगकांग में समलैंगिक जोड़ों को विरासत और आवास का मिला अधिकार, अदालत का फैसला

**विक्टोरिया।** हांगकांग के शीर्ष अदालत ने बुधवार को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए समलैंगिक जोड़ों को विरासत और आवासों के अधिकार को बरकरार रखते हुए फैसला सुनाया। हांगकांग शीर्ष अदालत का ये फैसला समलैंगिक अधिकारों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम के तौर पर है। भलेही हांगकांग समलैंगिक विवाह को कानूनी तौर पर मान्यता नहीं देता लेकिन अदालत के इस फैसले ने विदेशों में शादी करने वाले दो जोड़ों के पुराने मामले का खत्म किया।



### न्यायाधीशों ने सरकार की नीति को बताया भेदभावपूर्ण

इस मामले में सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश एंड्रयू चेउंग ने कहा कि हांगकांग की आवास नीतियों में समलैंगिक विवाहित जोड़ों को बाहर रखना उचित नहीं है और कल्याण लाभों को बिना भेदभाव के वितरित किया जाना चाहिए। इसके साथ ही न्यायाधीश जोसेफ फॉक और रॉबर्टो रिबेरो ने भी सरकार की नीति को भेदभावपूर्ण बताते हुए उसे सही ठहराने में असफल पाया।

**यहां ये हुई शुरू हुई हक की लड़ाई :** अब कुछ समय पीछे चले तो एक मामला था निक इनफिंगर का, जिन्होंने कनाडा में शादी की थी और हांगकांग में सरकारी आवास के लिए आवेदन किया था, लेकिन उनका आवेदन खारिज कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार उन्होंने 2018 में हांगकांग की हाउसिंग अथॉरिटी के खिलाफ मुकदमा दायर किया और जीत हासिल की, लेकिन सरकार ने उस फैसले के खिलाफ अपील की।

इसी तरह एक और मामला था एडगर एनजी का, जिन्होंने हांगकांग सरकार की नीति को जानते हुए कि उनके शादीशुदा पति को सरकारी आवास का हक नहीं है उन्होंने चुनौती दी। हलांकि 2020 में एनजी की मृत्यु हो गई और निचली अदालत ने उनके पक्ष में फैसला सुनाया।

### निक इनफिंगर ने जताई खुशी

न्यायाधीश जोसेफ फॉक और रॉबर्टो रिबेरो ने कहा कि सरकार उत्तराधिकार कानूनों में भेदभाव को सही ठहराने में नाकाम रही है और इसे गैरकानूनी और असंवैधानिक करार दिया। निक इनफिंगर ने हांगकांग की शीर्ष अदालत के फैसले पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि आज का निर्णय समलैंगिक जोड़ों के एक-दूसरे से प्यार करने और साथ रहने के अधिकार को मंजूरी देता है, जो बहुत महत्वपूर्ण है।

### जेरोम याउ ने की हांगकांग सरकार से अपील

हांगकांग मैरिज इक्वालिटी नामक वकालत समूह के सह-संस्थापक जेरोम याउ ने कहा कि इस फैसले ने सरकार को स्पष्ट संदेश दिया है कि उसे समलैंगिक विवाहित जोड़ों को वैवाहिक लाभ देने से मना नहीं करना चाहिए।

# इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने से बांग्लादेश उच्च न्यायालय का इनकार, सरकार को दी नसीहत

**ढाका।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जारी हिंसा के बीच वहां के उच्च न्यायालय ने इस्कॉन की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने से इनकार कर दिया है। बांग्लादेश इस्कॉन के प्रमुख चिन्मय कृष्ण दास की देशद्रोह मामले में गिरफ्तारी के बाद से ही बांग्लादेश में हिंदू समुदाय के लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। इन विरोध प्रदर्शनों के दौरान ही एक वकील सैफुल इस्लाम की हत्या कर दी गई। जिसके बाद बांग्लादेश में इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग उठ गई।

बुधवार को ढाका उच्च न्यायालय में पेश हुए सुप्रीम कोर्ट के वकील मोहम्मद मोनिरउद्दीन ने इस्कॉन के बारे में कुछ समाचार पत्रों की रिपोर्ट पेश की और इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने के साथ ही चटगांव, रंगपुर और दिनाजपुर में धारा 144 लागू करने का आदेश देने की मांग की। इस पर उच्च न्यायालय ने अटॉर्नी जनरल से इस्कॉन की हालिया गतिविधियों के बारे में सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी मांगी।





गुरुवार को इस मामले में फिर सुनवाई हुई और अटॉर्नी जनरल द्वारा सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की जानकारी दी, जिसमें बताया गया कि वकील सैफुल इस्लाम अलिफ की हत्या और इस्कॉन की गतिविधियों के संबंध में तीन अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं और इन मामलों में 33 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इस पर न्यायमूर्ति फराह महबूब और न्यायमूर्ति देबाशीष रॉय चौधरी की उच्च न्यायालय की पीठ ने सरकार की कार्रवाई पर संतुष्टि जाहिर की और इस्कॉन पर प्रतिबंध लगाने की मांग पर आदेश पारित करने से इनकार कर दिया।

# यूक्रेन को 72.5 करोड़ डॉलर की मदद देने की तैयारी कर रहे बाइडन

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के कार्यकाल में अभी करीब दो महीने का समय और रह गया है। ऐसे में रिपब्लिकन नेता डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद संभालने से पहले डेमोक्रेट नेता रूस के साथ युद्ध में घिरे यूक्रेन की निर्णायक मदद करने की तैयारी कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो बाइडन ने इसके लिए यूक्रेन को 72.5 करोड़ डॉलर के पैकेज के जरिए मदद भेजने की तैयारी भी कर ली है।

अमेरिकी सरकार के दो अधिकारियों ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आधिकारिक योजना के तहत बाइडन इस पैकेज से यूक्रेन को हथियारों से भर देना चाहते हैं। वह यूक्रेन को अमेरिकी जखीरे से टैंक-रोधी हथियारों के अलावा बारूदी सुरंगे, ड्रोन्स, स्टिंगर मिसाइलें और हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम एम्युनिशन मुहैया कराना चाहते हैं।

न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, अमेरिका ने यूक्रेन को गाइडेड मल्टिपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम के लिए क्लस्टर म्यूनिशन मुहैया कराने का लक्ष्य भी रखा है। बताया गया है कि यूक्रेन के लिए हथियारों के इस पैकेज का आधिकारिक नोटिफिकेशन सोमवार तक ही संसद के पास भेजा जा सकता है। इस पैकेज की सामग्री और आकार भी आने वाले दिनों में बदल सकता है और इस पर बाइडन के हस्ताक्षर होना तय है।




गौरतलब है कि अमेरिका ने बीते कई दशकों से किसी भी देश को बारूदी सुरंगों से जुड़ी तकनीक नहीं दी है। इनके इस्तेमाल भी काफी हद तक विवादित रहा है, क्योंकि इससे बड़े स्तर पर आम नागरिकों को नुकसान पहुंचता है। करीब 160 देश इनके इस्तेमाल के खिलाफ संधि पर हस्ताक्षर कर चुके हैं। लेकिन यूक्रेन ने रूसी सेना के हमले के बाद अमेरिका से इनकी मांग की थी, ताकि रूस के सैनिकों को सीमा पर ही रोका जा सके।

### विशेष ताकत का इस्तेमाल कर यूक्रेन को मदद पहुंचा रहे बाइडन

रूस के खिलाफ यूक्रेन को मदद पहुंचाने के लिए जो बाइडन राष्ट्रपति को मिली विशेष ताकत का इस्तेमाल कर रहे हैं। इसे प्रेजिडेंशियल ड्रॉडाउन अथॉरिटी (पीडीए) भी कहते हैं, जिसके तहत अमेरिका आपात की स्थिति में साथी देशों की मदद के लिए अपने मौजूदा हथियारों के स्टॉक से भी मदद भेज सकता है। चौंकाने वाली बात यह है कि जहां पहले राष्ट्रपति इस ताकत का इस्तेमाल कर 12.5 करोड़ से 25 करोड़ डॉलर तक की मदद का एलान करते थे, वहीं अकेले बाइडन पद पर रहते हुए इस ताकत का इस्तेमाल कर 4 से 5 अरब डॉलर की मदद संसद की तरफ से अधिकृत करवा चुके हैं।

# पाकिस्तान में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्याओं को छिपाने का प्रयास

## भारतीय-अमेरिकी सदस्यों ने उठाई मांग

**वाशिंगटन।** पाकिस्तान में शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्याओं को छिपाने के प्रयास की रिपोर्ट के बाद एक भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी ने बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत पाकिस्तान के वरिष्ठ अधिकारियों के वीजा पर प्रतिबंध लगाने और उनकी संपत्ति जब्त करने की मांग की है।

बता दें कि जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने उनकी रिहाई की मांग को लेकर इस्लामाबाद की ओर विरोध मार्च निकाला था, जिसमें अधिकारियों ने कार्रवाई की। इस दौरान चार लोग मारे गए और 50 घायल हो गए।

### भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी रो खन्ना का बयान

पाकिस्तान में फैले द्रोह को लेकर भारतीय-अमेरिकी कांग्रेसी रो खन्ना ने कहा कि पाकिस्तान में असीम मुनीर के शासन के तहत शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों की हत्याओं को छिपाने की रिपोर्ट से मैं भयभीत हूं। उन्होंने कहा कि अमेरिका को सैन्य शासन के वरिष्ठ अधिकारियों पर वीजा प्रतिबंध लगाना चाहिए और उनकी संपत्ति जब्त करनी चाहिए।




**मिकी शेरिल ने व्यक्त की चिंता :** इसके साथ ही कांग्रेसी मिकी शेरिल ने भी पाकिस्तान में विरोध प्रदर्शनों के जवाब में हुई हिंसा को लेकर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी लोग एक जीवंत लोकतंत्र के हकदार हैं, जिसमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार भी शामिल है।

जानकारी के अनुसार पिछले महीने कांग्रेसी ग्रेग कैसर और कांग्रेस के 60 अन्य सदस्यों ने पाकिस्तान में मानवाधिकार और लोकतंत्र का समर्थन करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन को पत्र लिखकर इमरान खान समेत राजनीतिक कैदियों की रिहाई का आह्वान किया था।

**कार्टर सेंटर ने भी जताई चिंता :** कार्टर सेंटर ने भी इस्लामाबाद में हुई हिंसा पर चिंता जताई है। उन्होंने पाकिस्तानी अधिकारियों से प्रदर्शनकारियों को शांतिपूर्वक इकट्ठा होने और प्रदर्शन करने का अधिकार बनाए रखने, अत्यधिक बल के प्रयोग से बचने, मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं पर प्रतिबंध हटाने और हजारों प्रदर्शनकारियों की मनमाने ढंग से हिरासत को खत्म करने का आग्रह किया।

### पाकिस्ताम में अमेरिकी दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए जारी किया अलर्ट, पेशावर का दौरा न करने को कहा




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में अमेरिकी दूतावास ने एक सुरक्षा अलर्ट जारी कर अपने नागरिकों को सुरक्षा चिंताओं के कारण 16 दिसंबर तक पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर का दौरा न करने की अपील की है। उन्होंने बुधवार को पेशावर के सेरेना होटल को खतरा, शीर्षक से एक सुरक्षा अलर्ट जारी किया था, जिसमें अमेरिकी मिशन के कर्मियों को पेशावर के इस होटल में जाने से बचने की सलाह दी गई थी। अमेरिकी मिशन की तरफ से सुरक्षा अलर्ट में कहा गया, अमेरिकी नागरिकों को इस अवधि के दौरान होटल और इसके आसपास के क्षेत्रों में जाने से बचने का अनुरोध किया जाता है। 10 सितंबर ककी एडवायजरी में खैबर पख्तूनख्वा को यात्रा न करें श्रेणी में स्तर-4 पर सूचीबद्ध किया गया है। आतंकवादी और विद्रोही समूह लगातार नागरिकों, गैर सरकारी संगठनों, सरकारी कार्यालयों और सुरक्षा बलों के खिलाफ हमले कर रहे हैं। एडवाइजरी में कहा गया, ऐसे समूह सरकारी अधिकारियों और नागरिकों को अपना निशाना बनाते हैं। यहां हत्या और अपहरण के प्रयास आम हैं। पोलियो उन्मूलन टीमों और पाकिस्तान सरकार की सुरक्षा सेवा (पुलिस और सैन्य) कर्मियों को निशाना बनाना भी शामिल है।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने दिखाई सबको साबरमती फिल्म


















**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने गुरुवार को अपने मित्रों शुभचिंतकों समर्थकों के साथ साबरमती फिल्म देखी। उन्होंने इस फिल्म को दिखाने के लिए पूरे हॉल को बुक किया था। इस फिल्म को देखने के लिए सांसद अतुल गर्ग के निमंत्रण पर मीडिया कर्मी भी पहुंचे। सभी ने एकसाथ बैठ कर फिल्म का आनंद लिया।

# विवादित जमीन का सौदा कर हड़पे सवा 48 लाख रुपये



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** सिहानी गेट थानाक्षेत्र में विवादित जमीन का सौदा कर सवा 48 लाख रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। शिकायकर्ता के मुताबिक आरोपियों ने दूसरे पक्ष के फर्जी हस्ताक्षरयुक्त समझौता-पत्र देकर फजीर्वाड़े को अंजाम दिया। एंटी फ्रॉड सेल की जांच के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

वैशाली अपार्टमेंट नेहरू नगर निवासी शेखर त्यागी का कहना है कि उन्होंने इंद्रगढ़ी डासना निवासी होशियार, मनोद कर्दम, पवन कुमार और ताराचंद से एक जमीन का सौदा 5.17 करोड़ रुपये में किया था। 13 मई को हुए एग्रीमेंट में बैनामे की अंतिम तिथि 12 मई 2025 निर्धारित हुई थी। शेखर त्यागी के मुताबिक उन्होंने जमीन पर किसी तरह के वाद-विवाद के बारे में पूछा था। जिस पर मनोज ने बताया था कि उनके कुनबे के रमेश, उसके भाई राकेश और उनकी मां चंद्रा से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। मनोज ने कहा कि वह इन तीनों से भी सौदा कर लें। इस संबंध में उन्होंने होशियार को 10.55 लाख, ताराचंद को 20.55 लाख तथा रमेश को 17.10 लाख रुपये दिए थे। इस तरह कुल 48.20 लाख रुपये लेकर मनोज ने उन्हें एक समझौता-पत्र दिया और कहा कि उनका राकेश, रमेश और चंद्रा से कोर्ट में जो केस चल रहा था, उसमें 22 नवंबर को फैसला कर लिया है। शेखर त्यागी के मुताबिक वह समझौता-पत्र को सत्यापित कराने गए तो वह पत्रावली पर मौजूद नहीं था। उन्होंने समझौता-पत्र दिखाया तो रमेश और राकेश ने उस पर अपने फर्जी हस्ताक्षर होने बताए। फजीर्वाड़ा सामने आने पर उन्होंने अपनी रकम वापस मांगी तो आरोपी जान से मारने की धमकी देने लगे। थक-हारकर पीड़ित ने डीसीपी सिटी को शिकायत देकर कार्रवाई की गुहार लगाई। एसीपी नंदग्राम पूनम मिश्रा का कहना है कि आरोपियों के खिलाफ सिहानी गेट थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने लगाई स्वास्थ्य और जलकल विभाग की क्लास

## कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कौशांबी के सफाई नायक को तत्काल प्रभाव से किया निलंबित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जनसुनवाई के दौरान नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने आगंतुकों की समस्याओं के समाधान पर तत्काल कार्रवाई के आदेश अधिकारियों को दिए। इसी क्रम में कौशांबी के आर डब्ल्यू ए पदाधिकारियों की समस्या को सुनते हुए कार्यवाही कराई गई, जिसमे कौशांबी स्थित हॉस्पिटल, होटल व अन्य बल्क वेस्ट जैनरेटर जो गंदगी फैला रहे हैं उनके विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। नोटिस जारी करने को स्वास्थ विभाग को निर्देश दिए। मौके पर वरिष्ठ प्रभारी स्वास्थ अपर नगर आयुक्त अवनिंद्र कुमार को रेडिसन ब्लू होटल के पीछे रिक्त जीडीए की भूमि पर सफाई अभियान चलाने के लिए कहा गया। कौशांबी सीमांत विहार के सफाई नायक पवन को कार्य में लापरवाही पाए जाने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित भी किया गया।



### प्रदूषण से लड़ने के लिए नगर आयुक्त ने पार्षदों संग बनाई कार्य योजना, उपकरणों को बढ़ाने के विभागों को दिए निर्देश

**करंट क्राइम।** प्रदूषण पर काबू पाने के लिए नगर आयुक्त द्वारा पार्षदों से भी विचार विमर्श किया गया, सुझाव मांगे गए। साथ ही क्षेत्रवासियों को जागरूक रखने के लिए कहा गया, निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की सरहना करते हुए नियमित पानी के छिड़काव हेतु उपकरण बढ़ाने के लिए विभागों को निर्देश दिए, मलिन बस्तियों में भी प्रदूषण नियंत्रण कार्यवाही अमल में लाने के लिए कहा गया। आरडब्ल्यूए तथा पार्षद गण को प्रदूषण के विरूद्ध हो रही कार्यवाही में सहयोग की अपील की। नगर आयुक्त द्वारा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर सख्त कार्यवाही की चेतावनी स्वास्थ तथा जलकल विभाग को दी। कौशांबी के साथ अन्य इलाकों में भी पानी की नई पाईप लाइन में पानी की व्यवस्था सुचारू करने के निर्देश दिए।

### सुबह-शाम निगम कार्यों का निरीक्षण करें विभागों के वरिष्ठ प्रभारी : नगर आयुक्त

**करंट क्राइम।** नगर आयुक्त के समक्ष कौशांबी के फ्लैट तथा प्लाट के आरडब्ल्यूए द्वारा अलग अलग विस्तार से अपनी समस्या रखी गई, जिसमे ए, बी, सी और के ब्लॉक में पानी की लाइन चालू करने तथा बढते प्रदूषण की रोकथाम हेतु प्लास्टिक बहिष्कार कराने व अवैध कब्जा हटाने के लिए विषय रखा गया, जिस पर नगर आयुक्त द्वारा वसुंधरा जोनल प्रभारी एस के राय, स्वास्थ विभाग व जल कल टीम को 1 सप्ताह में कार्यवाही करते हुए समस्या के समाधान हेतु निर्देश दिए, प्लास्टिक जलाने पर जुर्माना करने के लिए भी कहा गया। अपर नगर आयुक्त/ विभागों के वरिष्ट प्रभारियों को भी प्रतिदिन सुबह व शाम शहर का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

# मई 2025 में चालू होगा गाजियाबाद का तीसरा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर

## आवारा श्वानों के बध्याकरण को निगम देगा रफ्तार : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत निराश्रित श्वानों की रोकथाम हेतु लगातार कार्यवाही चल रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में तीसरा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर तैयार कर रहा है, जिससे प्रतिदिन लगभग 100 से अधिक निराश्रित श्वानों का बध्याकरन सम्भव होगा। 2025 के भीतर तीनों एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर सुचारु रूप से संचालित होंगे। नगर आयुक्त ने बताया कि विजयनगर जोन अंतर्गत सिद्धार्थ विहार में शहर का तीसरा एबीसी सेंटर बनाया जा रहा है, जिससे शहरवासियों को काफी राहत मिलेगी तथा निराश्रित श्वानों की रोकथाम पर और अधिक प्रबल कार्यवाही होगी। तीसरा एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर के अंतर्गत डॉग केयर सेंटर की स्थापना रहेगी। 2 करोड़ 43 लाख की लागत से इस केंद्र को बनाया जा रहा है जिसमें 300 वर्ग मीटर क्षेत्रफल के अंतर्गत सुविधा को देखते हुए एबीसी केंद्र बनाया जाएगा, मेडिसिन रूम, सृजन रूम, प्रिपेयर रूम, ऑपरेशन थिएटर, रूम मेडिकल स्टोर, शौचालय व अन्य आवश्यकतानुसार केंद्र का निर्माण किया जाएगा। ग्रेप को ध्यान में रखते हुए चल रहे कार्यों को विराम भी दिया गया।



### निराश्रित श्वानों पर लगाम लगाने का कार्य रफ्तार पर

**करंट क्राइम।** उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ. अनुज द्वारा बताया गया नवंबर माह के पहले सप्ताह में सिद्धार्थ विहार अंतर्गत तीसरे एबीसी सेंटर का निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया, जिसमें ग्रेप लागू होने पर विराम भी दिया गया। मई 2025 में 50 क्षमता का सेंटर तैयार होगा जिससे क्षेत्र वासियों को लाभ प्राप्त होगा। महापौर तथा नगर आयुक्त के नेतृत्व में गाजियाबाद नगर निगम शहर हित में लगातार कार्य कर रहा है। निराश्रित श्वानो पर लगाम लगाने का कार्य रफ्तार पर लाने के लिए एबीसी सेंट्रो का सही संचालन हो प्राथमिकता पर ध्यान दिया जा रहा है।

# कुत्तों की नसबंदी के लिए तीसरा एबीसी सेंटर बनेगा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम लावारिस कुत्तों की नसबंदी के लिए सिद्धार्थ विहार में तीसरा एनीमल बर्थ कंट्रोल सेंटर (एबीसी) बनाएगा। यह सेंटर अगले साल मई तक तैयार होगा। इसमें रोजाना 100 कुत्तों की नसबंदी होगी। प्रदूषण को देखते हुए ग्रैप चार लगा है। इस वजह से निर्माण कार्य बंद है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि विजयनगर जोन के सिद्धार्थ विहार में शहर का तीसरा एबीसी सेंटर बनाया जा रहा है। एनिमल बर्थ कंट्रोल सेंटर में डॉग केयर सेंटर होगा। इसमें मेडिसिन रूम, ऑपरेशन थिएटर, मेडिकल स्टोर और शौचालय आदि का निर्माण कराया जाना है। 300 वर्ग मीटर में बनने वाले सेंटर के निर्माण पर करीब ढाई करोड़ रुपये खर्च होंगे। उप मुख्य पशु चिकित्सा एवं कल्याण अधिकारी डॉ अनुज कुमार ने बताया कि नवंबर के पहले सप्ताह में निर्माण कार्य प्रारंभ कराया था। फिलहाल ग्रैप लगा होने से काम बंद है। यह सेंटर अगले साल मई तक तैयार हो जाएगा। इसके अलावा नया बस अड्डे के पास भी एक एबीसी सेंटर बनाया जा रहा है। एक एबीसी सेंटर नंदग्राम में चल रहा है। इस तरह शहर में तीन एबीसी सेंटर हो जांएगे।

# नगर निगम की टीम ने झंडापुर में प्लास्टिक व पालीथिन के खिलाफ चलाया अभियान

## गंदगी, अतिक्रमण मिलने वसूले 1 लाख से अधिक



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा जोन में नगर आयुक्त के निर्देश पर पालीथिन का इस्तेमाल करने व गंदगी फैलाने पर वसुंधरा नगर निगम की टीम ने चलान कर कार्रवाई की। इस दौरान 1 लाख से अधिक का जुमार्ना भी वसूला गया। नगर निगम की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक व पालीथिन के खिलाफ अभियान चलाया।

अभियान की शुरूआत साहिबाबाद सब्जी मंडी के पीछे झंडापुर से हुई। जहां टीम ने पालीथिन का प्रयोग करने वालों की चेकिंग की। इस दौरान टीम ने पालीथिन का स्टाक करने वाले दर्जनों और प्रतिष्ठान के आसपास गंदगी फैलाने पर दो व्यापारियों का चालान कर जुमार्ना वसूला। इस दौरान बड़ी मात्रा में पालीथिन जब्त किया गया। यह अभियान जोनल प्रभारी सुनील राय के नेतृत्व में चलाया गया। इस अवसर पर मुख्य सफाई निरीक्षक पवन कुमार, सफाई इंस्पेक्टर अशोक पाल, सफाई नायक संदीप कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अन्तर्गत कार्यक्रम आयोजित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री आवासीय योजना के अन्तर्गत गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की योजना संख्या 905/41डी, राजनगर एक्सटेंशन, ग्राम-नूरनगर, गाजियाबाद, योजना संख्या 908-41डी, ग्राम-डासना, निजी विकासकर्ता की योजना संख्या 909-41डी खसरा संख्या 339, 340, 349 व 350 ग्राम-रसूलपुर सिकरोड, गाजियाबाद मैसर्स ए0टी0एस0 ग्रेड रियलटर्स प्रा0लि0 के भवनों व इसी योजना के वेटिंग आवेदकों हेतु एवं निजी विकासकर्ता की योजना संख्या 916-41डी खसरा संख्या 31, ग्राम-मोरटा में मैसर्स महालक्ष्मी बिल्डटेक लि0 के भवनों हेतु कुल 75 भवनों का आवंटन लॉटरी ड्रॉ दिनांक 28.11.2024 को हिन्दी भवन, लोहियानगर, गाजियाबाद में प्रातः 11:00 बजे से शासन द्वारा गठित समिति (अपर जिलाधिकारी-सदर) की अध्यक्षता में सदस्य संयोजक (अपर सचिव-गा0वि0प्रा0) सदस्यगण (वित्त नियंत्रक-गा0वि0प्रा0), विशेषकार्याधिकारी(के), परियोजना अधिकारी-डूडा, गाजियाबाद एवं आवेदकों के समक्ष सम्पन्न हुआ।

# मानचित्रों की ऑनलाइन स्वीकृति का प्रस्तुतीकरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्राधिकरण सभागार में गुरुवार को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा मानचित्रों की ऑनलाइन स्वीकृति हेतु विकसित कराये गये Fast and Simplified Trust Based Plan Approval System (FASTPAS) का प्रस्तुतीकरण उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में M/s. ABM Knowledgeware Ltd. के प्रतिनिधियों द्वारा किया गया। यह अभिनव प्रणाली बिल्डरों के लिए इमारतों और टाउनशिप के आर्किटेक्चरल प्लान, मैप और ले-आउट के लिए मंजूरी हासिल करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए प्रारम्भ की जा रही है। मौजूदा ऑनलाइन बिल्डिंग प्लान अप्रूवल सिस्टम (OBPAS) द्वारा उत्पन्न चुनौतियों का समाधान करने के लिए



FASTPAS प्रणाली की शुरूआत की जा रही है, जो शहरीकरण को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू की गयी नई अवधारणाओं और उपकरणों को कवर करेगा। FASTPAS के माध्यम से बिल्डर भूमि उपयोग परिवर्तन की सुविधा प्राप्त करने, क्रय योग्य एफ.ए.आर. और अन्य विकल्पों के अलावा प्रतिपूरक एफ.ए.आर. का लाभ उठाने में सक्षम होंगे। उक्त बैठक में मुख्य नगर नियोजक के साथ समस्त मास्टर प्लान टीम के साथ-साथ आर्किटेक्ट/ आवास बंधु से पंजीकृत इंजीनियर द्वारा भी प्रतिभाग किया गया।

# खुलेआम हो रहा सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन : पार्षद

## देर रात डीजे एवं पटाखे बजाने पर मनोज गोयल ने की पुलिस में शिकायत

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** कौशांबी में देर रात तक डीजे को लेकर पूर्व पार्षद मनोज गोयल ने कौशांबी थाना प्रभारी सर्वेश पाल को ज्ञापन देकर कर उचित कार्रवाई की मांग की है। मनोज गोयल ने कहा कि रात 10 बजे के बाद शादियों में या अन्य समारोह में डीजे बजाया जा रहा है, उन्हें बंद कराया जाए।

वहीं पटाखे छोड़े जा रहे हैं, सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया जा रहा है। रात्रि 11 के बाद वेब पिक्चर हॉल से लेकर आनंद विहार तक खाने-पीने की दुकान खोली रही हैं। वेब के बाहर तो अवैध दुकानों की वजह से हर रोज जाम रहता है। एंजेल मॉल में पब बार की वजह से कौशांबी प्लॉट एरिया वालों को हर रोज दिक्कत का सामना करना पड़ता है। उदयगिरि और पंचमणि टावर के बाहर लेबर चौक बन गया है। इसे कहीं और शिफ्ट करा जाए। ऑटो रिक्शा कौशांबी के अंदर से न जाए। प्राइवेट गाड़ियों द्वारा कौशांबी सेंट्रल पार्क के आसपास से सवारियां बिठाकर अन्य जिलों में जाती है। ऐसी गाड़ियों को कौशांबी में नहीं आने दिया जाए।



कौशांबी थाना प्रभारी ने चौकी इंचार्ज को बुलाकर कार्रवाई के आदेश दिए। इस अवसर पर कौशांबी वेलफेयर संगठन की जनरल सेक्रेटरी शोभा रानी बरनवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता डीएन सिंह, समाजसेवी सुनील गांधी देवेंद्र महाजन, राकेश मित्तल, गौरव वर्मा, श्यामवीर भदोरिया, कमल ओबेरॉय आदि लोग मौजूद रहे।

# ओपन जिम लगने से लोगों को पार्क में सैर करने के साथ व्यायाम करने का मौका भी मिलेगा : डॉ. अनिल तोमर

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम के वार्ड 98, मनोज विहार के पार्क में महापौर सुनीता दयाल, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मालिक व उद्यान विभाग प्रभारी डॉ. अनुज सिंह के सहयोग से ओपन जिम लगाने के कार्य का शुभारंभ किया गया है। पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने बताया कि पार्क में व्यायाम के लिए ओपन जिम लगाए जा रहा है।। उन्होंने कहा कि आम लोगों को इन ओपन जिम के खुलने से पार्क में सैर करने के साथ व्यायाम करने का भी मौका मिलेगा। इतना ही नहीं बच्चों के भी मजे हो जाएंगे। वे भी यहां आकर खेल-कूद पाएंगे। उनके खेलने के लिए भी यंत्र लगाए जा रहे हैं। खुली हवा में व्यायाम करते हुए तंदुरुस्त बन सकेंगे। उन्होंने बताया कि 20 दिन में यहां के स्थानीय निवासी इस जिम का उपयोग कर स्वास्थ्य लाभ लेंगे। ओपन जिम में आठ कसरत करने वाली मशीन लगेंगी। मनोज विहार निवासियों ने पार्षद का आभर व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम ने इंदिरापुरम को हैंडओवर किया है तो क्षेत्र में काम हो रहे हैं। इस कार्य के लिए पार्षद डॉ. अनिल तोमर ने नगर आयुक्त व महापौर का आभार व्यक्त किया और कहा अंदरूनी सड़कों का भी निर्माण कार्य नगर निगम द्वारा ही किया गया है।



# दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये परंपराओं से लगाव है ये अपने शहर से अपनेपन का भाव है। सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेंद्र मित्तल मेदी वालों ने अपने पूरे परिवार के साथ शहर के सबसे पुराने ढाबे पर जाकर भोजन किया। उन्हें बताया कि यह जगह कभी रौनक से भरपूर थी और यहां की क्या क्या चीज मशहूर थी। ये पहचान परिवार की है,ये संस्कार की है और दिखावे से दूर सादगी की है। राजेंद्र मित्तल मेदी वालों ने इस पल को फेसबुक पोस्ट बनाया और यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।